आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 172 | हापुड़, बुधवार 08 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06


## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आप ने लॉन्च किया अपना कैंपेन सॉन्ग, फिर लाएंगे केजरीवाल




नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपना कैंपेन सॉन्ग लॉन्च कर दिया है। कैंपेन सॉन्ग को लॉन्च करने के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री अतिशी, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज समेत तमाम बड़े नेता मंच पर मौजूद रहे। फिर लाएंगे केजरीवाल नाम के इस कैंपेन सॉन्ग को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनाव के लिए आप का ये कैंपेन सॉन्ग दिल्ली के हर आम आदमी के दिल की बात बयां करता है। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि 10 सालों में अरविंद केजरीवाल ने 2 करोड़ दिल्लीवालों का परिवार की तरह रखा ख्याल, इसलिए दिल्लीवाले फिर लाएंगे केजरीवाल। अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि ये गाना हर दिल्लीवासी की आवाज़ है। ये दिल्ली का गाना है। गाली गलौज पार्टी वालों को भी ये गाना पसंद आएगा। वे भी कमरा बंद करके इस पर थिरक सकते हैं। इस कैंपेन सॉन्ग के लॉन्च के मौके पर मौजूद आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ है कि किसी भी पार्टी का लॉन्च किया गया कैंपेन सॉन्ग शादी-ब्याह और डीजे में बजाया जाए। लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि आज से यह गाना लॉन्च होने के बाद कल से ही शादी-समारोह, फंक्शन और डीजे में बजाया जाएगा। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि इस गाने में आम आदमी पार्टी की सभी योजनाओं को भी शामिल किया गया है और लोगों के साथ मिलकर इसे बनाया गया है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली का चुनाव एक त्योहार की तरह होता है। जिसमें लोग नाचते हैं, झूमते हैं और खुशियां मनाते हैं और इस त्योहार में लोगों को एक चीज का इंतजार होता है वह है आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग का। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह हमारी पार्टी का तीसरा कैंपेन सॉन्ग है। एक 2015 में आया था, एक 2020 में और एक अब आया है।

उन्होंने कहा कि इस गाने को गाली गलौज करने वाली पार्टी के नेता भी घर में कमरा बंद करके बजा सकते हैं और डांस कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पता है यह गाना उन्हें भी बहुत पसंद आएगा।

## भाजपा दरार वादी पार्टी इसका इंसान के जीवन से कोई लेना देना नहीं - अखिलेश यादव



लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और उसे दरारवादी पार्टी करार दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर हिंसा करवाई है और मासूम लोगों पर अत्याचार किया गया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम से माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा दरारवादी पार्टी है। इनके लिए जीवन का कोई मोल नहीं है। यह एक हृदयहीन पार्टी है, जिसे किसी के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। इस सरकार में न्याय मिलना और जनता की सुनवाई होना असंभव है। सपा मुखिया ने कहा कि पीडीए के खिलाफ अन्याय और भ्रष्टाचार के दो पलड़े हैं। उन्हीं के लोग एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली और लखनऊ की राजनीति में आपस में लड़ाई चल रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर में सबसे साफ सुथरा चुनाव होने जा रहा है। मीडिया के लोगों को भी वहां कैमरा लेकर जाना चाहिए ताकि पता चल सके कि वहां कैसे चुनाव हो होते हैं। अभी जब नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे तो देखा गया था कि प्रशासन की मदद से लोगों को वोट नहीं करने दिया गया। बूथों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया और वोट नहीं करने दिया गया। अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी का बिना नाम लिए कहा कि कुंभ में बड़ी संख्या में संत, महात्मा और ऋषि आए हैं। यह एक बड़ा आयोजन है। मैं सभी साधु-संतों और ऋषियों से प्रार्थना करता हूं कि जब वे यहां से जाएं, तो किसी साथी को भी साथ लेकर जाएं। यहां कई लोग ऐसे हैं, जो उन कामों में लगे हैं, जो उन्हें नहीं करने चाहिए। इससे दोनों तरफ का काम प्रभावित हो रहा है। इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया। सर्वे करने जाने वाली टीम में भाजपा के लोग शामिल थे और जब विवाद बढ़ गया तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं किया गया बल्कि सीधे गोली चला दी गई। इस घटना से प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया।

## राष्ट्रीय खेल आयोजन में स्पॉन्सरशिप के लिए धामी का हरदीप से अनुरोध

नई दिल्ली । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी से शिष्टाचार भेंट की. सीएम ने केंद्रीय मंत्री को उत्तराखंड में होने जा रहे राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया. सीएम धामी ने मंत्रालय के तहत आने वाले ओएनजीसी और आईओसी से राष्ट्रीय खेलों में सीएसआर के तहत स्पॉन्सरशिप दिए जाने का अनुरोध किया. वहीं केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मंत्रालय द्वारा हर संभव सहायता की जाएगी. साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी सीएसआर के तहत प्रोजेक्ट भेजने का सुझाव दिया. बता दें कि उत्तराखंड में 38 वें राष्ट्रीय खेल होने जा रहे हैं. 26 जनवरी से शुरू होने जा रहे नेशनल गेम्स के लिए 6 दिसंबर को त्रज्ञष्ट ने गेम कैलेंडर जारी कर दिया है. गेम्स का औपचारिक उद्घाटन 28 जनवरी से किया जाएगा.

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जागरूकता शिविर में उमड़े अभ्यर्थी,पात्र का पंजीकरण

वाराणसी । प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर आधारित जागरूकता पंजीकरण शिविर का आयोजन मंगलवार को रोहनिया बैरवन में किया गया। शिविर में अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ी रही। शिविर में 80 प्रतिभागियों में 30 का पंजीकरण हुआ। शिविर में विभागीय अफसरों ने योजना के उद्देश्यों, पात्रता मानदंड और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों के सवालों का जवाब देते हुए उन्हें पंजीकरण प्रक्रिया में सहायता प्रदान की। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों को वित्तीय सहायता, कौशल विकास के अवसर और आधुनिक उपकरणों व प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। शाखा एमएसएमई विकास कार्यालय, वाराणसी के सहायक निदेशक राजेश कुमार चौधरी ने भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक ने एमएसएमई मंत्रालय की अन्य योजनाओं से अवगत कराया।

## रमेश बिधूड़ी के खिलाफ यूपी महिला कांग्रेस ने थाने में दी तहरीर

लखनऊ । भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रियंका गांधी के खिलाफ अमर्यादित, अभद्र बयान के खिलाफ उप्र कांग्रेस की महिला शाखा ने हजरतगंज थाने में तहरीर दी। महिला कांग्रेस ने कहा कि असल में भाजपा के तमाम नेताओं द्वारा समय-समय पर देश की आधी आबादी के लिए इस तरह के घटिया बयान दिये जाते रहे हैं, यही भाजपा का वास्तविक चाल चरित्र और चेहरा है। प्रदेश कांग्रेस महिला प्रभारी शहला असरकारी ने कहा कि बिधूड़ी द्वारा प्रियंका गांधी के लिए दिये गये आपत्तिजनक बयान से पूरे देश के कांग्रेसजनों में रोष है। आज उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रभारी शहला अहरारी, अनामिका यादव एवं उरूषा राणा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल हजरतगंज थाने पहुंचा और वहां जिम्मेदारी अधिकारियों से मिलकर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। इस मौके पर सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, हुस्नआरा, सिद्धि श्री, डॉ0 रिचा शर्मा, मेहताब जायसी, विभा त्रिपाठी, सुमन प्रजापति, मीना रावत आदि महिला कांग्रेस की पदाधिकारी मौजूद रही।

## राजसमंद के कुंभलगढ़ में सर्दी का प्रकोप, खेतों में बिछी बर्फ की चादर

राजसमंद । पिछले कई दिनों से पूरे राजस्थान में ठंड का प्रकोप जारी है। वहीं पिछले तीन दिनों से मेवाड़ सहित आसपास के इलाकों में सर्दी का असर कम हुआ है। कोहरे के बाद लगातार तीन दिनों धूप से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। वही राजसमंद के अरावली पहाड़ी क्षेत्र में बसे कुंभलगढ़ इलाके में शीतलहर का प्रकोप नजर आने लगा है। बीती रात यहां का तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। वहीं उपखंड मुख्यालय सहित आधा दर्जन गांवों में घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों पर बर्फ जम गई। कुंभलगढ़ के वरदड़ा, उदावड़ के साथ मजेरा व आसपास के गांवों में कड़ाके की ठंड के चलते वाहनों पर बर्फ की परत जम गई। वहीं खेतों में भी बर्फ की चादर बिछी दिखाई दी। हालांकि छुट्टियां खत्म होने से पर्यटकों की आवक में भी कमी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने अगले 7 दिनों तक शीत लहर जारी रहने की चेतावनी जारी की है। आपको बता दें राजसमंद में कुंभलगढ़ और भी इलाके को छोड़कर बाकी जगह सर्दी से थोड़ी राहत मिली है। बता दें कि राजस्थान में मौसम में फेरबदल देखने को मिल रहा है। वहीं कई जिलों में घना कोहरा भी देखने को मिला। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक दूसरे सप्ताह से प्रदेश में तापमान में गिरावट होने के साथ बारिश होने की भी संभावना दिखाई दे रही है। मौसम विभाग ने पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के 19 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें जालौर, सिरोही, पालो, जोधपुर, नागौर, चूरू, सीकर, झुंझुनू, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, हनुमानगढ़, गंगानगर, जैसलमेर, बाड़मेर शामिल हैं।

## मायावती को दिल्ली चुनाव में बसपा के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



लखनऊ । चुनाव आयोग ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए मंगलवार को चुनाव का ऐलान कर दिया। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि पार्टी यह चुनाव अपनी पूरी तैयारी और दमदारी के साथ अकेले लड़ेगी। उनको दिल्ली में बसपा के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि चुनाव लोकतंत्र की रीढ़ है और बाहुबल एवं धनबल से दूर रहने वाले गरीबों-मजलूमों की पार्टी बसपा आयोग से यह उम्मीद रखती है कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के क्रम में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा। दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा और मतों की गणना 8 फरवरी को होगी।

## बजट में महंगाई कम करने की योजना बताएँ मोदी- खरगे

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि महंगाई चरम पर है और इससे लोगों का जीवन कठिन हो गया है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि बजट में जनता की बचत बढ़ाने के क्या प्रावधान किए जा रहे हैं। श्री खरगे ने लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल किया और कहा, श्री नरेंद्र मोदी जी, क्या बजट में जनता की बचत बढ़ाने का है कोई प्लान या कमरतोड़ महँगाई से जनता को करते रहेंगे परेशान। उन्होंने कहा, पिछले 6 महीनों में रोज़मर्रा की चीज़ों में गगनचुंबी उछाल, जरूरी दवाइयाँ, तेल, चाय, कॉफ़ी, बिस्कुट, साबुन, आदि... सबकी क़ीमतों बनी जनता के जी का जंजाल। श्री खरगे ने कहा, जीएसटी के बेसमझ रेट और टैक्स के बोझ से पिसता हर इंसान, ख़पत गिरा, आर्थिक सुस्ती से चिंतित पूरा हिंदुस्तान। नौ-नौ 9 प्री-बजट कंसल्टेशन की कोई नहीं है अहमियत, जब महँगाई कैसे घटेगी इस पर चर्चा की नहीं है आपकी नीयत। जनता को लूटकर अरबपति मित्रों को फ़ायदा पहुँचाना है भाजपा का काम, आने वाले चुनावों में जागृत जनता भाजपा को सबक सिखाएगी, देगी ऐसा परिणाम।

## अमित शाह ने भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया, बोले- देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरुआत




नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित %भारतपोल% पोर्टल को लॉन्च किया। इस अवसर पर अमित शाह ने सीबीआई अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक भी प्रदान किया। भारतपोल पोर्टल के लॉन्च पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, आज भारतपोल के शुभारंभ के लिए हम यहां एकत्रित हुए हैं। यह हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने वाली शुरुआत है। भारतपोल की संरचना से भारत की हर एजेंसी, हर राज्य की पुलिस खुदको इसकी मदद से बहुत सरलता से इंटरपोल के साथ जोड़ पाएगी और जांच को गति दे पाएगी। अमित शाह ने आगे कहा कि हम सब जानते हैं कि हम अमृत काल में जी रहे हैं। आज़ादी के 75 साल से आजादी के 100 साल के कालखंड को ना केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के रूप में वर्णित किया है, बल्कि अब देश की 140 करोड़ की जनता ने इस काल खंड को अमृत काल के रूप में स्वीकार भी किया है। भाजपा नेता ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने संकल्प लिया है कि 2047 में जब देश को आजादी के 100 साल होंगे, तब भारत हर क्षेत्र में विश्व में पहले स्थान पर होगा और हम हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहे होंगे। अगर ये संकल्प हमें सिद्ध करना है तो इसके कई पड़ाव हैं। हमने तय किया है कि 2027 तक भारत को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे। वहीं, से पहला कदम शुरू होगा। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमारे पास 25 साल हैं और एक प्रकार से भारत के लिए स्वर्णिम अवसर होगा। बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित इस भारतपोल पोर्टल का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर और वित्तीय अपराधों में अंतरराष्ट्रीय पुलिस की सहायता करना है, जो वास्तविक समय में सूचनाओं का आदान-प्रदान करेगा। दरअसल, भारतपोल पोर्टल इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों के प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करेगा, जिसमें रेड नोटिस और अन्य रंग-कोडित इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। साइबर अपराध, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन कट्टरता, संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और मानव तस्करी सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों पर लगाम लगाने के लिए भारतपोल पोर्टल काफी कारगर साबित हो सकता है।

## महाकुंभ में स्वास्थ्य विभाग का दस्ता लगातार करे भ्रमण, जरूरत हो तो लोगों का उपचार कराएं - सीएम योगी



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठंड के मौसम में आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में सीएम योगी ने कहा कि पूरे प्रदेश में तेज ठंड का मौसम है। शीतलहर चल रही है। इस समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी संभावित है। ऐसे में स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक-चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े। महाकुंभ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों। एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहे। सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी समस्या हो अथवा कोई अन्य गंभीर बीमारी, सभी को समुचित चिकित्सकीय सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमार लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी सेक्टरों में सतत भ्रमण करें और लोगों का हाल-चाल ले, जरूरत हो तो उन्हें उचित चिकित्सकीय सहायता दिलाई जाए।

## संभल के लोगों पर अन्याय जारी -अखिलेश



लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और उसे दरारवादी पार्टी करार दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर हिंसा करवाई है और मासूम लोगों पर अत्याचार किया गया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम से माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा दरारवादी पार्टी है। इनके लिए जीवन का कोई मोल नहीं है। यह एक हृदयहीन पार्टी है, जिसे किसी के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। इस सरकार में न्याय मिलना और जनता की सुनवाई होना असंभव है। सपा मुखिया ने कहा कि पीडीए के खिलाफ अन्याय और भ्रष्टाचार के दो पलड़े हैं। उन्हीं के लोग एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली और लखनऊ की राजनीति में आपस में लड़ाई चल रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर में सबसे साफ सुथरा चुनाव होने जा रहा है। मीडिया के लोगों को भी वहां कैमरा लेकर जाना चाहिए ताकि पता चल सके कि वहां कैसे चुनाव हो होते हैं। अभी जब 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे तो देखा गया था कि प्रशासन की मदद से लोगों को वोट नहीं करने दिया गया। बूथों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया और वोट नहीं करने दिया गया। सीएम योगी पर अखिलेश का तंज अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी का बिना नाम लिए कहा कि कुंभ में बड़ी संख्या में संत, महात्मा और ऋषि आए हैं। यह एक बड़ा आयोजन है। मैं सभी साधु-संतों और ऋषियों से प्रार्थना करता हूं कि जब वे यहां से जाएं, तो किसी साथी को भी साथ लेकर जाएं। यहां कई लोग ऐसे हैं, जो उन कामों में लगे हैं, जो उन्हें नहीं करने चाहिए। इससे दोनों तरफ का काम प्रभावित हो रहा है। संभल में सीधे गोली चला दी इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया। सर्वे करने जाने वाली टीम में भाजपा के लोग शामिल थे और जब विवाद बढ़ गया तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं किया गया, बल्कि सीधे गोली चला दी गई। इस घटना से प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया।

## रेल मंत्री ने भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर किया लॉन्च

नई दिल्ली । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन ने मंगलवार को दिल्ली के रेल भवन में भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर लॉन्च किया। इस नए कैलेंडर में साल भर की महत्वपूर्ण तिथियां, कार्यक्रम हैं, जिससे नागरिकों को देश के राजनीतिक और प्रशासनिक एजेंडे के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी। इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष के कैलेंडर की थीम जनभागीदारी से जनकल्याण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास पर विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री के विजन और कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में जो बड़ा बदलाव आया है वह इस कैलेंडर में दिखाई पड़ता है। प्रौद्योगिकी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सांस्कृतिक विरासत, खिलाड़ियों, गरीब कल्याण, महिलाओं और गरीबों के लिए किये गये काम शामिल हैं।

## संपादकीय

# स्वस्थ रहने के सरल उपाय

व्यायाम- आम व्यक्ति के लिए व्यायाम का अर्थ पहलवानी नहीं। सैर, चहल-कदमी, छोटे-मोटे खेल, मालिश, तेज चलना, दौड़ना आदि सब व्यायाम ही है। जो इनको या इनमें से किन्हीं एक या दो को अपनायेंगे, वह स्वस्थ रहेंगे। व्यायाम इतना ही करें जो हल्की थकान ला दे। थोड़ा पसीना आ जाए। मगर इसे अपनी रूचि से चुनें। मजबूरी से नहीं। -घास, वनस्पतियों में जाना, टहलन, सैर करना, हल्का व्यायाम करना हमारी आक्सीजन की आवश्यकता पूरी कर देता है। शरीर को आंतरिक व बाहरी पुष्टि प्राप्त होती है। -शाम की सैर भी जरूरी है। खुले में घूमना ही सैर है। -सप्ताह में एक बार (कम से कम) नहाने से पूर्व मालिश करें। मगर मालिश के तुरंत बाद नहाना ठीक नहीं। तौलिया खुरदरा ठीक रहता है। -नहाते समय शरीर पर केवल पानी न फेंके। इसे खूब मलें भी। -कोई इनडोर या आउटडोर गेम का भी शौक पालें। -अपने स्वास्थ्य, आयु, शरीर की अवस्था का ध्यान रखकर व्यायाम चुने। -यदि आप बड़े नगरों में रहते हैं तो किसी भी ऊंची मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट की बजाय पैदल चढ़ें, उतरें। यह भी व्यायाम है। -भीड़-भाड़ बच कर पार्क में सैर करने का अवसर निकालें। स्वच्छता- स्वच्छता भी शरीर के लिए उतनी ही आवश्यक है जितना आहार तथा व्यायाम। स्वास्थ्य के लिए आहार, व्यायाम तथा स्वच्छता, तीनों एक साथ, एक ही गति से चलनी चाहिए। -हाथ, पांव, मुंह, दांत सदा साफ रखें। शाम को काम से घर पहुंचने पर एक बार जरूर हाथ पैर एवं मुंह धो लें। आंखों पर भी पानी के छींटें दें। -हमारे भीतरी वस्त्र तथा अन्य कपड़े भले ही सस्ते हों, मगर पूरी तरह धुले हुए, साफ होने चाहिए। -यदि किसी भी कारण से गंदगी बनी रहेगी तो रोग पनपेंगे। -बर्तन, खाद्य पदार्थ, पीने का पानी, तौलिया, सब खूब साफ हो।

# ईश्वर को जानो

ईश्वर, ईश्वर के बारे में अनेकानेक मत-मतांतर हैं। कोई कहता है निराकार है तो कोई कहता है, साकार है, जबकि कुछ लोग साकार व निराकार दोनों को मानते हैं। ईश्वर के नाम पर मंदिर-मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च बन गए तथा कहते हैं ईश्वर कहो या अल्लाह, राम कहो या रहीम, ईश्वर एक है लेकिन फिर भी ईश्वर के नाम पर हिंसा होती है। जो सर्वव्यापक है वह भला एक चारदिवारी में बंद कैसे हो सकता है? ईश्वर न स्त्री लिंग है, न पुलिंग बल्कि वह तो एक अविनाशी शक्ति है। लोग ईश्वर को रंग-बिरंगे कपड़े पहनाते हैं, जबकि वह कपड़े पहनता ही नहीं क्योंकि वह अशरीर है, अर्थात बिना देह का है। धर्म, संस्-ति, जाति, देश, काल, परिस्थिति से एकदम अलग ईश्वर सगुण भी है, निर्गुण भी परंतु इसमें भी वाद-विवाद है। हमने ईश्वर को कई तरह के लेबल लगा दिए हैं कि वह ऐसा है, वह वैसा है परंतु ईश्वर लेबल रहित है। कहते हैं कण-कण में व्याप्त है, लेकिन हमारे ही शरीर में ही मौजूद है इस पर विश्वास नहीं है, तो बेतुकी बात हुई न कि ईश्वर कण-कण में है। यदि यह दृढ़ विश्वास होता कि ईश्वर हमारे संग सदा मौजूद है तो बाहर क्यों ढूंढ़ते? ईश्वर न हिंदू है, न मुस्लिम है, न सिक्ख है, न ईसाई है यह लेबल तो हमने लगा दिए हैं। ईश्वर के न कान है, न आंख है, न पैर है, न चेहरा। फिर भी वह सबकी खबर रखता है। कहा है न कि बिनु पग चलहिं, सुनहिं बिनु काना, बिनु कर करम करहिं विधि नाना।ईश्वर न हाजिर है, न गायब है, फिर भी वह है। वह है तो सारा संसार है और वह तब भी रहेगा, जब संसार काल के गर्भ में समा जाएगा और इस दृश्यमान जगत के पूर्व भी वह था अर्थात वह था, है और रहेगा, उसका कभी नाश नहीं होता है इसलिए अविनाशी कहा है। कैमरे से उसकी फोटो नहीं ली जा सकती क्योंकि आज तक ऐसा कोई कैमरा बना ही नहीं है। हमारे अंदर ईश्वर है, लेकिन हम ईश्वर नहीं है जैसे गिलास में दूध है, परंतु गिलास दूध नहीं है। हम ईश्वर के अंश है, ईश्वर नहीं क्योंकि लोगों को यह भी भ्रम है कि चूंकि मेरे अंदर ईश्वर है तो मैं भी ईश्वर हूं जैसा कि वेदांती कहते हैं-अहं ब्रह्मस्मि। ईश्वर के नाम पर इतनी धारणाएं हैं, कल्पनाएं हैं जिसकी कोई हद नहीं। जबकि भगवान श्री -ष्ण कह रहे हैं, मैं कल्पना से परे हूं, मन बुध्दि से मुझे नहीं पा सकते। ईश्वर के नाम पर जितना भ्रम है, संशय है उतना और किसी विषय में नहीं है और इसका एक ही कारण है अज्ञानता। इतना घोर अंधकार है, अज्ञानता है कि लोगों ने अपनी समझ की, विवेक की आंखें भी बंदकर ली है। ईश्वर कोई अनबूझ पहेली नहीं है और न ही वाद-विवाद व तर्क का विषय है बल्कि ईश्वर तो अनुभवगम्य है। बड़ी ही सरलता से, सहजता से व सुगमता से ईश्वर का अपने ही शरीर में अनुभव किया जा सकता है। यदि हमारी सच्ची प्यास है, तड़प है हमारे अंदर ईश्वर को जानने की, समझने की तो वह हमसे दूर नहीं है, सदा संग है। कहा है मुझको कहा ढूंढ़े बंदे, मैं तो तेरे पास में।हर स्वांस में मौजूद है। खोजी होय तो तुरंत मिल जाऊं पल भर की तलाश में। तो मित्रों, खुले हृदय से बिना कोई तर्क या वाद-विवाद के प्रथम यह स्वीकार करें कि ईश्वर जो मेरे अंदर है उसका अनुभव प्राप्त करूं। दूसरा सब प्रकार के लेबल जो ईश्वर पर लगा दिए हैं उसे निकालकर अपने अंत:करण में विराजमान ईश्वर को जानने व पहचानने हेतु किसी सच्चे मार्गदर्शक की मदद ले सकते हैं। क्योंकि बिना मार्गदर्शक के ईश्वर के बारे में सही जानकारी नहीं मिलती। मनगढ़ंत, कल्पनाओं का ईश्वर हमें सच्चा सुख नहीं दे सकता। हां, यदि हृदय स्थित ईश्वर की शरणागत हो जाएंगे तो परमानंद का अनुभव प्राप्त कर जीवन सफल हो जाएगा। आशा है आप इस ओर कदम बढ़ाएंगे-आंखें मूंदकर नहीं बल्कि आंखें खोल कर ईश्वर को पाने की राह पर अग्रसर होंगे।

# 08 जनवरी 2025 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 07.13 प्रात-
सूर्यास्त- 05.53 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 12.55 दोपहर
चंद्र अस्त- 02.25 रात्रि
चंद्रमा- मेष राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-09 पूर्णिमांत महीना पौष-24 शुक्ल पक्ष 09, तिथि-नवमी दोपहर- 02.25 तक बाद में दशमी, नक्षत्र-अश्विनी दोपहर- 04.29 तक बाद में भरणि, योग-सिद्ध रात्रि- 08.23 तक बाद में साध्य, करण-कौलव दोपहर- 02.25 तक बाद में तैतिल प्रात- 01.24 तक बाद में ग़र,राहु काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक,कुलीक काल दोपहर- 10.30 से 12.00 बजे तक, यमगंड प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक दुमुहूर्त दोपहर- 12.11 से 12.54 तक दुमुहूर्त दोपहर- 12.12 से 12.54 तक अमृत काल दोपहर- 09.41 से 11.11 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.38 से 06.26 तक।

## आज 08 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष-कुम्भ में स्नान का विचार आयेगा, धन से किसी की मदद कर सकते है, बाजार से नए वस्त्र खरीदेंगे, घर,दुकान लेने में मुश्किल होगी।
भाग्य प्रतिशत-56

वृषभ-ऊंचाई पर जाने या खतरे का कार्य करते समय ध्यान रखे, शरीर में चोट लग सकती है, पुलिस से परेशानी हो सकती है, किसी को सफाई ज्यादा देनी पड़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-48

मिथुन-नई व्यवसायिक डील पर हस्ताक्षर कर सकते है, परिवार से दूर जाना पड़ सकता है, कॉमर्स के क्षेत्र में प्रगति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-60

कर्क- जॉब बदलने पर विचार कर सकते है, माँ बनने का निर्णय टाल सकते है, क्लब या मित्र मण्डली में किसी से मिलना होगा नंबर ले सकते है।
भाग्य प्रतिशत-53

सिंह- बच्चों की फीस कोर्स के लिए पैसा देंगे, शेयर, एफडी आदि अन्य सोर्स से पैसा आएगा, रेडीमेड गारमेंट,
गैराज व्यवसाय चलेगा, उन्नति से संतुष्ट रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-70

कन्या- दूर की यात्रा सफल होगी, व्यवसायिक बुद्धि का सही से प्रयोग कर पाएंगे आर्थिक लाभ ले सकेंगे, बड़े लाभ के लिए थोड़ा इंतजार करें, मन में भविष्य को लेकर संशय हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-62

तुला- तकनीकी क्षेत्र से जुड़ा व्यवसाय शुरू कर सकेंगे, विवाह का अच्छा प्रस्ताव मिलेगा विचार अवश्य करें, डाक, रेलवे विभाग में नौकरी का प्रयास सार्थक होगा।
भाग्य प्रतिशत-73

वृश्चिक- शत्रु पक्ष पर जीत मिलेगी, पिता की सम्पत्ति,धन का सही से प्रयोग करे, नया वाहन भी ले सकते है, घुटने,आँखों का ऑपरेशन की तैयारी करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-55

धनु- भाग्य पक्ष साथ देगा, कार्यक्षेत्र में मेनेजमेंट उन्नती का अवसर देगा, सरकारी कार्य द्वारा भी आय कर सकेंगे, पथरी, गैस,पाइल्स रोग है तो दिक्कत होगी।
भाग्य प्रतिशत-61

मकर-इन्वेस्टमेंट अवश्य लाभ देगा, यात्रा के लिए पैसा खर्च करेंगे टिकट बुक करवा सकते है, अच्छा खाना पढ़ना, कर सकेंगे, एसिडिटी बढ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-68

कुम्भ- दूसरे शहर जाना सम्भव है, रिश्तेदारों से फंक्शन पर मिलना होगा, पति की आमदनी बढ़ेगी, संतान कॉमर्स के क्षेत्र में आगे बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-76

मीन- विलासितापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिलेगा, खर्चे भी बढ़ेंगे सकते है, एयरलाइस,पांच सितारा होटल में नौकरी की संभावना बनेगी, व्यवसाय में अचानक कर्जा सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-72

# प्रीति जिंटा ने खुद से प्रेम करने को बताया सबसे बेहतर



मुंबई । अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने फिटनेस लक्ष्यों को परिभाषित करते हुए सोशल मीडिया पर एक वर्कआउट वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने बताया कि खुद से प्रेम करना सबसे बेहतर होता है। सोशल मीडिया पर सक्रिय प्रीति जिंटा ने इंस्टाग्राम पर जिम में एक्सरसाइज करते हुए खुद का एक वीडियो साझा किया। क्लिप में अभिनेत्री इनक्लाइन क्रंच सिट अप्स करती हुई दिखाई दे रही हैं। उन्होंने डच डीजे और रिकॉर्ड प्रोड्यूसर टिएस्टो के गाने 'द बिजनेस' को भी वीडियो के साथ जोड़ा। अभिनेत्री ने हार न मानने और लगातार बने रहने के बारे में एक प्रेरक कैप्शन भी साझा किया। उन्होंने लिखा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप छुट्टी पर हैं या काम पर, आपको खुद को बेहतर, मजबूत और स्वस्थ बनाना होगा क्योंकि अगर यह आपको चुनौती नहीं देता है तो यह आपको नहीं बदलता है। इसलिए हार न मानें, लगातार बने रहें और खुद को आगे बढ़ाएं। अभिनेत्री ने आगे लिखा, खुद से प्यार करने से बेहतर कोई प्यार नहीं है। आप सभी को 2025 की शुभकामनाएं। 5 जनवरी को प्रीति ने पति जीन गुडइनफ के साथ उरुग्वे में अपनी शानदार छुट्टियों की तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। पहले में दोनों समुद्र तट पर पोज देते हुए दिखाई दिए। एक क्लिप में प्रीति जीन के साथ खूबसूरत समय बिताती नजर आईं। इसके साथ ही अभिनेत्री ने फूलों की कुछ झलकियों के साथ होटल की खूबसूरती को भी दिखाया, जहां कुछ प्राचीन वस्तुओं के साथ ही खाने का भी एक वीडियो है। अंतिम तस्वीर में दोनों एक रेस्तरां में बैठे दिखाई दिए। प्रीति जिंटा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही राजकुमार संतोषी के निर्देशन में तैयार फिल्म 'लाहौर 1947' के साथ वापसी करने के लिए तैयार हैं। फिल्म में प्रीति जिंटा के साथ अभिनेता सनी देओल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# फिल्म कुली की 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी हुई- रजनीकांत



चेन्नई । सुपरस्टार रजनीकांत निर्देशक लोकेश कनगराज की फिल्म कुली की शूटिंग करने के लिए थाईलैंड रवाना हो गए हैं। रजनीकांत ने खुलासा किया कि फिल्म की लगभग 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म का अगला शेड्यूल 13 जनवरी से 28 जनवरी तक होगा। मंगलवार सुबह हवाई अड्डे पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए रजनीकांत ने राजनीति से संबंधित सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। कुली एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें तेलुगु स्टार नागार्जुन, कन्नड़ स्टार उपेंद्र, सोबिन शाहिर और सत्यराज जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे। बॉलीवुड स्टार आमिर खान भी इस फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इस अटकल की पुष्टि नहीं की है। फिल्म में श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी प्रमुख भूमिका में हैं। सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित, कुली का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा तैयार किया गया है। इस फिल्म ने कई कारणों से लोगों की दिलचस्पी जगाई है। उनमें से एक यह है कि इस फिल्म में अभिनेता सत्यराज और रजनीकांत लगभग 38 साल बाद एक साथ काम करते हुए नजर आएंगे। दोनों को आखिरी बार सुपरहिट तमिल फिल्म मिस्टर भारत में साथ देखा गया था। यह फिल्म 1986 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सत्यराज ने रजनीकांत के पिता की भूमिका निभाई थी। दिलचस्प बात यह है
कि सत्यराज ने रजनीकांत की कुछ पिछली फिल्मों जैसे एंथिरन और शिवाजीमें अभिनय करने के प्रस्ताव ठुकरा दिए थे। कुली फिल्म सोने की तस्करी के इर्द-गिर्द घूमती है। दिलचस्प बात यह है कि निर्देशक लोकेश कनकराज ने खुलासा किया है कि कुली एक स्टैंडअलोन फिल्म होगी और यह उनके लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स (एलसीयू) का हिस्सा नहीं होगी।

# संध्या थिएटर भगदड़ - अल्लू अर्जुन ने अस्पताल में की घायल बच्चे से मुलाकात



हैदराबाद । अभिनेता अल्लू अर्जुन ने संध्या थिएटर भगदड़ में घायल हुए बच्चे श्रीतेजा से मंगलवार को बेगमपेट के केआईएमएस अस्पताल में मुलाकात की। अस्पताल में भर्ती घायल बच्चे से मुलाकात करने के बाद वह रवाना हो गए। अभिनेता का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अस्पताल से बाहर निकलते नजर आए। अभिनेता के लुक में भी काफी बदलाव देखा गया। वह अपने हेयर स्टाइल को चेंज कर चुके हैं। बड़े बालों को उन्होंने छोटे बालों में बदल लिया है। 4 दिसंबर को हैदराबाद स्थित संध्या थिएटर में %पुष्पा 2% के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी। वहीं, मृतक महिला का बच्चा घायल हो गया था। घायल बच्चे का बेगमपेट के केआईएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिससे मंगलवार को अभिनेता ने मुलाकात की और हालचाल जाना। घायल बच्चे के पिता ने हाल ही में अपडेट देते हुए बताया था कि उसकी सेहत में सुधार हो रही है। भगदड़ मामले में शुक्रवार को नामपल्ली कोर्ट ने अल्लू अर्जुन की नियमित जमानत याचिका मंजूर कर ली थी। अल्लू अर्जुन की नियमित जमानत याचिका पर नामपल्ली कोर्ट ने 27 दिसंबर को सुनवाई की थी। लेकिन, पुलिस ने जमानत याचिका पर जवाबी दलीलें दाखिल करने के लिए समय मांगा था, इसलिए कोर्ट ने सुनवाई 30 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी थी। इसके बाद 30 दिसंबर को कोर्ट ने याचिकाकर्ता की दलील और पुलिस द्वारा दायर जवाबी दलीलें सुनी और फिर कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसे शुक्रवार को सुनाया गया था। अल्लू अर्जुन को 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में 'पुष्पा 2- द रूल' के प्रीमियर शो के दौरान हुई भगदड़ के सिलसिले में दर्ज मामले में 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी। अभिनेता को नामपल्ली कोर्ट में पेश किया गया था, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसके बाद उनके वकीलों ने हाई कोर्ट में अपील की, जहां से उन्हें उसी दिन अंतरिम जमानत मिल गई थी।

# दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पाकिस्तान का किया सूपड़ा साफ



केपटाउन । कगिसो रबाड़ा, केशव महाराज (तीन-तीन विकेट) और मार्को यानसन (दो विकेट) के बाद डेविड बेडिंघम (नाबाद 44) रनों की शानदार पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने आज दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को 10 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका दो मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 478 के स्कोर पर समेटने के बाद मिले 58 रनों के लक्ष्य को बिना कोई विकेट खोए 7.1 ओवर में हासिल कर लिया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की डेविड बेडिंघम और एडन मारक्रम की सलामी जोड़ी शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। डेविड बेडिंघम ने 30 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये (नाबाद44) रन बनाये। वहीं एडन मारक्रम 13 गेंदों में (14) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 61 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीता। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। दूसरे टेस्ट में 259 रनों की शानदार पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकलटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 80 रन देकर 10 विकेट लेने वाले मार्को यानसन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। आज यहां पाकिस्तान ने कल के एक विकेट पर 213 रनों से आगे खेलना शुरु किया। मार्को यानसन ने खुर्रम शहजाद (18) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया।इसके बाद तो पाकिस्तान बल्लेबाजी लगातार अंतराल अपने विकेट गवांते चले गये। कामरान गुलाम (28), सऊद शकील (23), कप्तान शान मसूद (145) आगा सलमान (48) और मोहम्मद रिजवान (41), आमेर जमाल (34) तथा मीर हमजा (16) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तान की पूरी टीम 122.1 ओवर में 478 के स्कोर पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 58 रन बनाने का लक्ष्य मिला है। दक्षिण अफ्रीका के लिए कगिसो रबाड़ा, केशव महाराज ने तीन-तीन विकेट लिये और मार्को यानसन को दो विकेट मिले।
वेना मफाका ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को पहली पारी में 194 के स्कोर पर सिमटने के बाद फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर किया था। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में रायन रिकलटन (259), तेम्बा बवूमा (106) और काइल वेरेन (100) रनों के महत्वपूर्ण योगदान से 615 रनों का स्कोर खड़ा किया था।

# खूबसूरत वादियों में जन्मदिन मनाते कैमरे में कैद हुए दिलजीत दोसांझ



मुंबई । गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ विदेश में जन्मदिन मनाते नजर आए। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ वीडियो साझा किया, जिसमें वह बर्फ के बीच खूबसूरत समय बिताते कैमरे में कैद हुए। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ हर एक पल को साझा करने वाले दिलजीत दोसांझ ने जन्मदिन के दिन की भी झलक साझा की। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर दो वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने अमेरिकी गायक-अभिनेता फ्रैंक सिनात्रा के 'लेट इट स्नो लेट इट स्नो' गाने को भी जोड़ा। 6 जनवरी 1984 को पंजाब के जालंधर में जन्में दिलजीत अपने प्रशंसकों के बीच खासा लोकप्रिय हैं। दिलजीत को उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रशंसकों के साथ ही फिल्म जगत के तमाम सितारों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। रकुल प्रीत सिंह ने जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा था, जन्मदिन की शुभकामनाएं दिलजीत, तुम्हारा हर दिन खुशियों, प्यार और सफलता से भरा हो, तुम हर दिन शाइन करो और खुश रहो। निर्माता-निर्देशक इम्तियाज अली ने एआर रहमान और दिलजीत को साथ में मुबारकबाद देते हुए लिखा था, वाह आज कितना खास दिन है कि हमें यह दोनों मिले, जन्मदिन मुबारक दिलजीत दोसांझ, एआर रहमान। दिलजीत सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा करते रहते हैं। दिलजीत ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और कई विषयों पर उनसे बातचीत भी की थी। दिलजीत ने मुलाकात की कई वीडियोज और तस्वीरों को भी साझा कर प्रशंसकों को झलक दिखाई थी। वीडियो में देखा जा सकता है कि सिंगर दिलजीत सबसे पहले फूलों का गुलदस्ता लेकर आते हैं और पीएम मोदी उनका अभिवादन करते हैं। इसके बाद पीएम मोदी, दिलजीत से कहते हैं, हिंदुस्तान के एक गांव का लड़का जब दुनिया में नाम रोशन करता है तो अच्छा लगता है। आप नसीब वाले हैं कि आपके परिवार ने आपका नाम दिलजीत रखा, आप लोगों के दिल जीत रहे हैं। इसके बाद दिलजीत ने कहा, हम किताबों में पढ़ते थे कि मेरा भारत महान। लेकिन, जब मैं पूरा भारत घूमा तो मुझे पता चला कि यह बात क्यों कहते हैं। मेरा भारत महान है और यहां योग का जादू सबसे बड़ा है। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि जिसने योग की ताकत को अनुभव किया है, वही उसकी ताकत जानता है। दिलजीत ने पीएम मोदी के अब तक के सफर पर भी बात की। वहीं, पीएम मोदी ने पर्यावरण के विषय पर भी बात की।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी का रुख, सोना और चांदी की बढ़ी चमक



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली मजबूती नजर आ रही है। सोने के भाव में आई तेजी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये से लेकर 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये से लेकर 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।
वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में मामूली तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## बिना परमिशन के खनन करने वाले डंपर को किया सीज- नायब तहसीलदार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । शिकारपुर जनपद में खनन माफिया के हौसले बुलंद। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मुमरेजपुर के जंगल में अवैध रूप से डंपर और जेसीबी के माध्यम से किया जा रहा था अवैध मिट्टी खनन डिबाई एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार डिबाई लेविन कुमार को मौके पर भेज कर अवैध मिट्टी खनन करने वाले डंपर को लिया कब्जे में जेसीबी मौके से हुई फरार नायब तहसीलदार ने खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है वहीं डंपर को कब्जे में लेकर सीज कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है। नायब तहसीलदार ने बताया है कि बिना परमिशन के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मुमरेजपुर गांव से डंपर द्वारा मिट्टी डाली जा रही थी जिसको मौके पर पहुंचकर डंपर को कब्जे में लेकर अहमदगढ़ थाने में पुलिस के सुपर्द करते हुए डंपर को सीज किया गया है। डंपर में मिट्टी भरी हुई। नायब तहसीलदार की इस बड़ी कार्रवाई से खनन माफियाओं में खलबली मची हुई है।

## पीड़ित महिला की खौफनाक कहानी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव मऊखेड़ा की पीड़ित महिला की शादी 14 वर्ष पूर्व गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव एचाना में हुई महिला के चार बच्चे हैं महिला ने बताया कि मेरे पति ने अपने दोस्तों को बुलाया और मेरे पति ने अपने दोस्त के साथ मेरे साथ नाजायज संबंध बनवाए और दूसरे दोस्त से उसकी वीडियो बनवा डाली दिन निकालने के बाद जब मेरे पति ने मुझे मेरी वीडियो दिखाई तो मेरे पैरों के तले जमीन निकल गई मैं रोती बिलखती रही मगर मेरे पति ने मोटी रकम के बदले बार-बार लगातार अपने दोस्त से मेरे साथ अवैध संबंध बनवाये मैं अपने बच्चों का मुंह देखकर सारे दुख दर्द सहती रही दूसरी तरफ मेरे पिता जी बुग्गी चलाने का काम करते हैं गरीब परिवार है मैं जाऊं तो कहां जाऊं 2 दिन पूर्व मेरे पति ने फिर अपने दोस्त के साथ मुझे नाजायज संबंध बनाने का दबाव बनाया मैने इसका विरोध किया तो मेरे पति ने मुझे बुरी तरह पीटा जान से मारने की कोशिश की व तलाक देने की धमकी देकर घर से धक्के मार कर निकाल दिया मैं रोती बिलखती अपने मायके गांव मऊ खेड़ा पहुंची और अपने परिजनों को अपनी आपबीती सुनाई मैं सरकार से और पुलिस अधिकारियों से अपील करती हूं कि ऐसे दरिंदे को सख्त से सख्त सजा दी जाए जिससे किसी महिला बहन बेटी के साथ ऐसा घिनौना की कृत्य ना हो पाए

## व्यापारी सुरक्षा फॉर्म ने की व्यापारी की समस्या का समाधान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। GST अधिकारी प्रभाकर नाथ मिश्रा द्वारा गुलावटी के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल सिंघल की माल से भरी गाड़ी को उठा ले जाने के बाद व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान बुलंदशहर के पदाधिकारी से मदद मांगी तत्काल बाद संगठन के जिला अध्यक्ष रविंद्र गोयल के नेतृत्व में गाड़ी को छुड़वाया । जिला अध्यक्ष के अतिरिक्त अनुज अग्रवाल जिला महामंत्री प्रीतम कुमार प्रेम जिला उपाध्यक्ष, सुनील पंडित जिला उपाध्यक्ष नीतीश अग्रवाल नगर महामंत्री सिंटू अग्रवाल युवा के जिला उपाध्यक्ष साथ रहे ।

## खुर्जा विधानसभा की बैठक हुई संपन्न




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। खुर्जा विधानसभा में मासिक बैठक खुर्जा जंक्शन श्याम फार्म हाउस में हुई जिसमें पीडीए की प्रिय साथियो व विधान सभाओ मिटिंग का ऐजेंडा इस प्रकार है 1, BLA,कि नियुक्ती पर विचार 2, दिनांक 27,1,2025 से PDA चर्चा पर जनपंचायत के कार्यक्रम कि रूप रेखा, 4,बूथ प्रभारीयो का सत्यापन, संगठन पर विचार निष्क्रिय पद अधिकारीगण की समीक्षा कर नये पदअधिकारी की नई नियुक्ति करना पर विचार रखे इस मौके पर खुर्जा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी वर्षा सिंह प्रधान अमरपाल सिंह एवं तमाम समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे

## आजाद पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने नई संसद भवन,संसदीय पुस्तकायल, समिति कक्ष लोकसभा एवं राज्यसभा, आर्ट गैलरी एवं इंडिया गेट नई दिल्ली का भ्रमण किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलन्दशहर के आजाद पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भारतीय संसद भवन नई दिल्ली के लिये 7 बजे रवाना हुआ। जिसमे विद्यालय के कक्षा-9 एवं कक्षा-11 के छात्र एवं छात्राऐं गई। विद्यालय से अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को बच्चो के देख-भाल के लिये भेजा गया। संसद भवन में पहुच कर विद्यालय के जिज्ञासू और उत्साही छात्रों का एक समूह हाल ही



में संसद के शैक्षिक भ्रमण पर निकला, जहाँ उन्हे भारतीय संसदीय प्रणाली के कामकाज के बारे में एक अनोखी जानकारी प्राप्त की।

यह भम्रण छात्रों को व्यावहारिक सीखने का अनुभाव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, जिससे वे शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जटिलताओं को प्रत्यक्ष रूप से देख सकें। भ्रमण ने छात्रों को पर्दे के पीछे जाने और संसद की आंतरिक कार्यणाली को देखने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। उन्होंने संसदीय पुस्तकालय, समिति कक्ष और लोकसभा और राज्यसभा के कक्षों, आर्ट गैलरी एवं इंडिया गेट आदि का दौरा किया। छात्र संसद भवन की समृद्ध वास्तुकला से भावित हुए और भारतीय लोकतंत्र से संस्थान के महत्व के बारे में नई सराहना प्राप्त की। विद्यालय के चेयरमैन श्री वासिक आजाद, श्री शारिक आजाद जी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती षिल्पी सिंह जी का मानना है कि नागरिक जागरूकता को बढ़ावा देने, आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने और युवा विद्यार्थीयों बीच सक्रिस नागरिकता को प्रोप्साहित करने के लिए इस तरह की यात्राएं आवष्यक है हम भविष्य में इसी तरह के भ्रमण का आयोजन करने के लिए तत्पर है, जिससे हमारे छात्रों को कक्षा से लेकर पूरी दुनिया से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

## यूको बैंक शाखा ने 83 वें स्थापना दिवस पर सूरजभान सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कॉलेज के बच्चों को भेंट किया एक वाटर कूलर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर के सूरजभान सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कॉलेज को यूको बैंक शाखा के मुख्य प्रबंधक विवेक कुमार अंचल कार्यालय मेरठ, हरिओम सिंह शाखा प्रबंधक यूको बैंक शोभित भारद्वाज अंचल कार्यालय मेरठ, अभिषेक त्यागी यूको बैंक शाखा शिकारपुर, मंतोष कुमार यूको बैंक शाखा के कर कमलों द्वारा विद्यालय के लिए विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार मित्तल अध्यक्ष विजेंद्र दत्त शर्मा कोषाध्यक्ष सुनील कुमार मित्तल तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह जी को यूकों बैंक ने अपने 83 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर यह वाटर कूलर भेंट किया इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

## आम जिंदगियों से हो रहा खिलवाड़ धड़ल्ले से बिक रहा है मिलावटी दूध और पनीर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर में इन दिनों डेयरी मिठाइयां एवं अन्य खाद्य दुकानों में मिलावटी पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है जिस पर खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की तरफ से कोई कानूनी कार्यवाही नहीं किया जा रहा है जिस पर खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की तरफ से कोई कानूनी कार्यवाही नहीं किया जा रहा है आलम यह है कि पिछले एक महीने से डेयरी, मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थ के दुकानदार खुले आम केमिकल से तैयार दूध एवं पनीर आदि की बिक्री कर रहे है इसके बावजूद भी खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी आंख बन्द करके बैठे है मिलावटी खाद्य पदार्थों का बिक्री नगर के बर्फ चौराहा, सर्राफा बाजार, चैनपुरा चौराहा, खुर्जा अड्डा, लाल दरवाजा, पैठ चौराहा, जहांगीराबाद चुंगी, व 12 खम्भा रोड, स्थित अनेक डेयरी और मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानें है नगर में खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की तरफ से कोई कड़ी कार्यवाही नहीं की जा रही है ऐसे में लोग दुकानों से मिलावटी मिठाई लेकर खाने के बाद बीमार पड़ रहे है खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों की लापरवाही का खामयाजा आम लोगों को भुगतना पड़ सकता है नगर में इन दिनों सबसे अधिक दूध और पनीर एवं मिठाइयों में मिलावटी करके धड़ल्ले से बिक्री किया जा रहा है लापरवाही का आलम यह है कि विभाग की तरफ से सिर्फ खानापूर्ति के लिए अभियान चलाकर सैंपल लिए जाते है इसके बाद कागजों में ही रफा दफा कर दिया जाता है ।

## किसानों को नई कृषि विधियां दे रही उड़ान, किसान सम्मानित



बागपत । कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कृषि की नई तकनीक की जानकारी कार्यशाला में दे रहे हैं। प्रगतिशील किसानों की कृषि विधियों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विकास खंडों पर कृषि संगोष्ठियों में मृदा स्वास्थ्य कार्ड और सॉयल टेस्टिंग पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे किसान सम्मानित भी किए जा रहे हैं। कृषि विभाग ओर कृषि विज्ञान केंद्र खेकड़ा में एक दिवसीय उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेता प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस का मुख्य उद्देश्य गन्ने की खेती में संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और समेकित रोग व कीट प्रबंधन के बारे में किसानों और कीटनाशक विक्रेताओं को जागरूक करना था। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने गन्ना उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण किया और कार्यशाला में उपस्थित कीटनाशक विक्रेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गन्ने की बेहतर पैदावार और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किसानों को सही और प्रमाणित कीटनाशकों का उपयोग करना चाहिए। नई तकनीक से खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रगतिशील किसानों की कृषि विधियों के मॉडल से अन्य किसानों को भी इन विधियों और नई तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। ताकि वे अपनी पैदावार और आय में सुधार कर सकें। कार्यक्रम में एसडीएम खेकड़ा ज्योति शर्मा, कृषि वैज्ञानिक/कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी विकास मलिक, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव आदि उपस्थित रहे।

## अयोध्या में पधारे भगवान श्री राम की वर्षगांठ के उपलक्ष में तीन दिन तक चलेगा सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या का कार्यक्रम

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में गत पिछले वर्ष की भांति मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी महाराज अयोध्या धाम के राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ* पौष शुक्ल पक्ष की द्वादशी शनिवार 11 जनवरी को है। इसके उपलक्ष्य में नवमी बुधवार से एकादशी शुक्रवार तक 3 दिन का कार्यक्रम सुंदरकांड का पाठ एवं हरि नाम संकीर्तन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर शीतल गंज में श्री हरिनाम संकीर्तन मंडल सेवा समिति रजिस्टर्ड शीतल गंज के तत्वाधान में होना सुनिश्चित है। जिसमें पौष शुक्ल पक्ष की नवमी बुधवार को शाम 7.00 बजे से सुंदरकांड का पाठ एवं संकीर्तन हमारे मंडल के वरिष्ठ सदस्य भैया बृजेंद्र सिंह आलू बालोंके एवं भैया ठाकुर रौहतान सिंह पुष्पेंद्र सिंह ग्राम प्रधान फौलादपुर के सौजन्य से रहेगा जिसमें आप सभी धर्म प्रेमी सादर आमंत्रित हैं अशोक लक्ष्य में शीतल गंज मंदिर जो



अलग-अलग मंदिरों में भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा हरि नाम संकीर्तन मंडल के संचालक प्रदीप गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी अयोध्या पधारने के उपलक्ष में एक साल पूरा हुआ है जिसको लेकर यह वर्षगांठ धूमधाम से 3 दिन तक मनाई जाएगी कहीं भजन संध्या होगी और कहीं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा

## विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर।विकास खण्ड जहांगीराबाद में उत्तर प्रदेश कल्याण खेल लीग के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन विकास खण्ड अधिकारी सृष्टि पाठक व ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

इस प्रतियोगिता में विकास खण्ड जहांगीराबाद क्षेत्र के अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 100 मीटर व 400 मीटर दौड़, कबड्डी, गोला फैक आदि खेल आयोजित कराएं गए। जिसको लेकर ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान ने बताया की विकास खण्ड जहांगीराबाद में स्थित रामेश्वरी देवी नेत्र पाल सिंह खालौर स्टेडियम में आज विकास खण्ड द्वारा



इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के अनेको खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है ऐसे खेलो के आयोजनों से हम सब काफी उत्साहित है क्यूंकि विजेताओं खिलाड़ियों को आने बाले समय में बड़े स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा जिससे वह आगे चलकर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकेंगे साथ ही उन्होंने यह भी बताया की अब से पूर्व इस स्टेडियम खेलकर अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए अपनी पहचान बना चुके है। इसलिए रामेश्वरी देवी नेत्र पाल सिंह खालौर स्टेडियम में खेलने बाले प्रत्येक खिलाड़ी के साथ मेरी उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं हैं।

स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता को लेकर विकास खण्ड अधिकारी ने बताया की आज विकास खण्ड द्वारा होने बाली प्रतियोगिता का आयोजन रामेश्वरी देवी नेत्रपाल सिंह खालौर स्टेडियम में कराया जा रहा है जिसमे तमाम प्रकार के खिलाड़ियों के खेलने की पूर्ण व्यवस्था भी उपलब्ध है इसलिए आने बाले समय में इस स्टेडियम द्वारा अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी देखने को मिलेंगे जिससे हमारे देश का नाम रोशन होगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ समापन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। औरंगाबाद अमरसिंह इंटर कालेज लखावटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर मंगलवार को स्वयं सेवक और सेविकाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। स्वयं सेविकाओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समा बांधा। स्वयं सेवकों का आभार जताते हुए पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन प्रेमकिशोर शर्मा ने कहा कि सात दिन से लगातार स्वयं सेवकों ने केंप लगाकर गांव में रैली, नुक्कड़ नाटक और संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया है। स्वयं सेवकों ने गांव की सभी नालियों के मलबे को गांव से बाहर निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया है। छात्र छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करना चाहिये। परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। छात्रों को अपनी पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद





प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिये। खेल के खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निरंजन लाल शर्मा ने कहा कि बच्चों को अपने माता पिता और गुरूओं की आज्ञा का पालन करना चाहिये। झूंठ बोलना बड़ा अपराध होता है कभी भी झूंठ नहीं बोलना चाहिये। कार्यक्रम के अंत में असहाय लोगों को कंबल वितरण किये गये।

कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि समेत कई लोगों को शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर योगेन्द्र सिंह लोधी, मुनेन्द्र शर्मा, थाना प्रभारी नीतिश कुमार भारद्वाज, लखन कुमार शर्मा, अजय तिवारी, साक्षी शर्मा, पारूल, लबी, निकिता, ऋषभ शर्मा, शिवानी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निरंजनलाल शर्मा और संचालन रमेशचंद पांड्या ने किया

## 04 शातिर चोर चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये पाईप व अवैध चाकू व चोरी करने के उपकरण आदि बरामद

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ट्रान्सपोर्ट नगर में बिजली घर के पीछे एक अर्द्धनिर्मित मकान से 04 शातिर चोरों को चोरी की योजना बनाते हुए चोरी किये पाईप, अवैध चाकू व चोरी करने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं 13/25 धारा 312/313/317(2) बीएनएस व 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में



भेजा जा रहा हैं। गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम पता- 1. साजिद पुत्र अजीर निवासी डीएम रोड चार यार के पास झुग्गी झोपडी थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर। 2.रहीमुद्दीन पुत्र रफीक शेख निवासी झुग्गी झोपडी बीसा कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। 3.असरफ पुत्र रफीक निवासी झुग्गी झोपडी बीसा कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। 4.सनाउल अंसारी पुत्र मंसूर अंसारी निवासी नुमाइश मैदान झुग्गी झोपडी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। बरामदगी का विवरणः- 1.02 अदद चाकू 2.01 अदद प्लास, 01 अदद सब्बल, 01 अदद पंचकस, 02 अदद रिंच, एक प्लास्टिक का कट्टा गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा 02 माह पूर्व थाना कोतवाली नगर क्षेत्र मे देवीपुरा शमशान घाट से काठी, एक सीढी व पानी के पाईप चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 1087/24 धारा 303-(2) बीएनएस पंजीकृत है। उक्त चोरी की काठी व सीढी को अभियुक्तों द्वारा एक राह चलते कबाडी को 1,600/- मे बेच दिया था तथा रूपयों को आपस मे आधा-आधा बाट लिया था।

## 2013 बलात्कार मामला- न्यायालय ने आसाराम को चिकित्सा आधार पर 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दी

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने 2013 के बलात्कार मामले में जेल में बंद आसाराम को मंगलवार को चिकित्सा आधार पर 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने आसाराम को रिहाई के बाद अपने अनुयायियों से नहीं मिलने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 86 वर्षीय आसाराम हृदय रोग के अलावा उम्र संबंधी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित है। न्यायालय ने 2023 में गांधीनगर की एक अदालत द्वारा आसाराम को दी गई आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने की उसकी याचिका पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह इस मुद्दे की जांच केवल चिकित्सा आधार पर करेगा। गुजरात उच्च न्यायालय ने 29 अगस्त 2024 को आसाराम की सजा निलंबित करने के अनुरोध वाली याचिका को खारिज कर दिया था और कहा था कि उसे राहत देने का कोई मामला नहीं बनता है निचली अदालत ने 2013 के एक मामले में आसाराम को जनवरी 2023 में दोषी ठहराया था। यह मामला एक महिला ने दर्ज कराया था जो कथित अपराध के समय गांधीनगर के निकट उसके आश्रम में रहती थी। आसाराम वर्तमान में बलात्कार के एक अन्य मामले में राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद है।

# मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने जिला पंचायत राज विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने जिला पंचायत राज विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पशु विभाग के कार्यों की जानकारी ली। इस पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ओ पी मिश्रा ने मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया कि जनपद की जिन गौशालाओ में साफ-सफाई, भूसा चारा की व्यवस्था, गोवंश को सर्दी से बचाव हेतु व्यवस्था सही नहीं है उनको दुरस्त किया जाना हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गौशाला में रखे गए गौ संरक्षक एवं ग्राम सचिव को कड़े निर्देश दिए कि जनपद की संपूर्ण गौशालाओं में साफ सफाई, गोवंश के लिए भूसा-चारा एवं सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए यदि किसी भी गौशाला में गोवंश को लेकर लापरवाही पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समाज कल्याण विभाग में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी से जनपद में पेंशन के लंबित प्रकरणों पर जानकारी की। समाज कल्याण अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में वृद्धावस्था पेंशन के जो भी लंबित आवेदन रह गए हैं उनकी जांच कराई जा रही है पेंशन के जो भी आवेदन निरस्त हो गए हैं उनकी पुनः जांच कर करवाई की जा रही है जिससे आवेदन फॉर्म निरस्त की जानकारी प्राप्त हो सके। जांच के उपरांत जनपद के पात्र सभी लाभार्थियों को पेंशन उपलब्ध करा दी जाएगी। समाज कल्याण अधिकारी ने सामूहिक विवाह की जानकारी देते हुए बताया कि सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आवेदन फार्म प्राप्त कर लिए गए हैं जिनकी जांच की जा रही है जांच पूर्ण होने के उपरांत सामूहिक विवाह कराने की तिथि निर्धारित कर ली जाएगी। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए की जनपद में पंचायत भवन का निर्माण किन कारणों से रुका हुआ है इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि शासन से पंचायत भवन निर्माण हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है पंचायत भवन निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रियाधीन है टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए की जल्द से जल्द पंचायत भवन की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त ग्राम सचिवों को निर्देश दिए कि ग्राम विकास के लिए शासन द्वारा जो भी धनराशि प्राप्त हुई है उसको जल्द से जल्द विकास कार्य में लगाना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सभी ग्राम सचिव व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संत निरंकारी मिशन द्वारा भव्य सत्संग का आयोजन किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जनपद हापुड़ में रामलीला ग्राउंड स्थित संत निरंकारी मिशन की तरफ से भव्य सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें रामलीला प्रांगण में संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने काफी संख्या में भाग लिया वहीं आई ए एस आहलुवालिया ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की तरफ से संदेश दिया कि मानव मात्र का नाता किस प्रकार परमात्मा से जोड़ा जा सकता है और मिशन की जो प्राथमिकता है जो कि मानव से मानव के करीब आ सके व प्यार मानव मात्र में किस प्रकार से स्थापित किया जाये ऐसी सिख विचारों द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शासन प्रशासन एवं हापुड़ ब्रांच के समस्त सेवादल ,अतरपुरा की समस्त साध संगत एवं हापुड़ ब्रांच की इंचार्ज सुषमा सचदेवा सहित आदि सेवादारों का सहयोग रहा।

# भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर ज्ञापन दिया





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने कलक्ट्रेट का घेराव किया इस दौरान अध्यक्षता धर्मवीर त्यागी और संचालन जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद ने किया और किसानों की समस्याओं से एडीएम संदीप कुमार को अवगत कराकर ज्ञापन दिया। जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि एडीएम को दिए गए ज्ञापन के माध्यम से एमएसपी गारंटी कानून बनाए जाने की मांग व किसानों की आर्थिक स्थिति देखते हुए सरकार को अवगत कराते हुए गन्ना मूल्य बढ़ाया जाए और आवारा पशुओं से किसानों की फसल लगातार बर्बाद होने के साथ साथ सड़क दुर्घटनाओं से भी किसान की जान का नुकसान हो रहा है जिसके मद्देनज़र आवारा पशुओं की धरपकड़ जल्द से जल्द कराई जाए और वही बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओ को बिल प्रयेक महीने न मिलने के कारण बिल अधिक होता है जिस कारण ब्याज भरने को मजबूर होना पड़ रहा है इस लिए प्रत्येक महीने विधुत उपभोक्ताओं को मिलना चाहिए ताकि किसान व मजदूर समय से ही बिजली बिल जमा कर पाए वही विधुत विभाग की टीम द्वारा बकायेदारी को लेकर कनेक्शन काटने में पक्षपात न किया जाए और किसान की खतौनियों में त्रुटि लगातार चल रही है जो ठीक होना अति आवश्यक है समेत समस्याएं ज्ञापन में सम्मलित की गई है। इस दौरान महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, रोशनी सैफी, महिला जिला उपाध्यक्ष कल्पना सिंह, शोभा सिंह, सरिता सिंह, मुस्कान, युवा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी, युवा जिला महा सचिव कुलदीप राठी, मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंग उर्फ गुजराल, जिला महासचिव कैप्टन राजेश चौधरी, बहादुरगढ़ ग्राम अध्यक्ष फरमान कुरैशी, शब्बू चौधरी, मुनव्वर अली, ओमबीर सिंह, रविंदर सिंह, सुंदर गुर्जर, मण्डल उपध्यक्ष धनवीर शास्त्री, पुष्पेंद्र, अरविंद, अखिल कुमार, नवीन त्यागी, आज़ाद तोमर समेत मौजूद रहे।

# गोल्ड मेडल एवं वर्ष 2024 में सिल्वर मेडल जीतकर संस्थान का किया नाम रोशन




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशनस,हापुड़ की बी.बी.ऐ अंतिम वर्ष की छात्रा हिमानी सिंह खण्डारी ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में वर्ष 2023 में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में गोल्ड मेडल एवं वर्ष 2024 में सिल्वर मेडल जीतकर संस्थान का किया नाम रोशन । स्थानीय जे.एम.एस. ग्रुप,हापुड़ की होनहार छात्रा हिमानी खण्डारी ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में बॉक्सिंग चैंपियनशिप में वर्ष 2023 में गोल्ड मेडल एवं वर्ष 2024 में सिल्वर मेडल जीतने पर जे.एम.एस ग्रुप के माननीय प्रबंध निदेशक डॉ0 आयुष सिंघल एवं डायरेक्टर जनरल प्रो0 (डॉ0) सुभाष गौतम ने हिमानी खण्डारी का प्रतीक चिन्ह एवं शाल देकर संस्थान में भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ0 आयुष सिंघल ने कहा कि जे.एम.एस. ग्रुप शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों से जुड़ी हुई सभी गतिविधियों एवं प्रतियोगिता को अपनी प्राथमिकता मानता है। आज जे.एम.एस स्पोर्ट्स एकेडमी हापुड़,जे.एम.एस वर्ल्ड स्कूल एवं जे.एम.एस ग्रुप का नाम छात्र एवं छात्राऐ अपने खिलाड़ी वाले हुनर के साथ अपनी प्रतिभाओं का बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश के कोने-कोने में फैला रहे हैं।

इस अवसर पर जे.एम.एस ग्रुप के टीम मैनेजर अमित सिद्धू ने विस्तार पूर्वक छात्र हिमानी सिंह खण्डारी की बॉक्सिंग चैंपियनशिप की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि दिल्ली स्टेट 2021 में गोल्ड मेडल, दिल्ली स्टेट 2022 में गोल्ड मेडल ,दिल्ली स्टेट 2023 में गोल्ड मेडल, सोनीपत में वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करते हुए , भोपाल में वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करते हुए उड़ीसा के सी.आई.एस.एफ ट्रायल मैच में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए दिल्ली ओलंपिक कॉम्पिटिशन वर्ष 2023 में अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके सिल्वर मेडल का खिताब अपने नाम किया। हिमानी सिंह की अकादमिक एवं खेल प्रतिभा की संस्थान के डीन, प्राचार्य ,सभी विभागाध्यक्षो,प्राध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों ने प्रशंसा करते हुए सराहना की। संस्थान के मैनेजमेंट ने हिमानी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभाशीष आशीर्वाद देते हुए कहा की भविष्य में भी संस्थान अपने छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक करने एवं सभी समुचित सुविधाएं मुहैया कराने के लिए वचनबद्ध है।

# वादे के मुताबिक गन्ने का भुगतान करने पर की हौसला अफ़ज़ाई




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने मोदी शुगर मिल मोदीनगर पहुंचकर पिछले सत्र का बकाया समस्त शेष गन्ना भुगतान वादे के मुताबिक इकतीस दिसंबर को करने पर शुगर मिल के गन्ना महाप्रबंधक राहुल त्यागी, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक नरेश मलिक व गन्ना प्रबंधक संजीव चौधरी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि हापुड़ जनपद की सिम्भावली शुगर मिल व ब्रजनाथपुर शुगर मिल का पिछले पेराई सत्र का बकाया भुगतान लटका हुआ है इस दौरान भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के अतुल त्यागी सौंदा व ललित त्यागी नम्बरदार बागपत भी मौजूद रहे

# बाबा साहब का संविधान निर्माण में जो अमूल्य योगदान है इस योगदान को हमें घर-घर तक पहुंचना है-सतपाल सैनी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक संविधान गौरव अभियान को लेकर प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर हुई और बैठक को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कहा कि संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष हो रहे हैं इस अवसर पर संविधान के गौरव अभियान को एक उत्सव के रूप में पार्टी द्वारा मनाया जा रहा है जिसमें जिले की टोली से लेकर मंडल की टोली बना करके कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र में जाना है और संवैधानिक मूल्य भाजपा की उपलब्धियां तथा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान किस प्रकार भाजपा कर रही है वह करने के लिए प्रतिबद्ध है यह हमें जनता को बताना है आज तक विपक्षी पार्टियों ने बाबा साहब को उसे सम्मान से वंचित रखा जिसके हो हकदार थे बाबा साहब का संविधान निर्माण में जो अमूल्य योगदान है इस योगदान को हमें घर-घर तक पहुंचना है कॉलेज स्कूलों में जाकर के गोष्ठी करनी है प्रबुद्ध जनों से मिलना है और बाबा साहब के विषय में संविधान पर चर्चा करनी है कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष शमेंद्र त्यागी ने की संचालक मोहन सिंह ने किया इस अवसर पर जिला महामंत्री राजीव सिरोही, प्रफुल्ल सारस्वत, संजय त्यागी ,पवन सैनी, दीपक भाटी, मनोज बाल्मीकि, सुमित पर्चा, राहुल उपाध्याय, पिंकी त्यागी, छवि दीक्षित, संध्या शर्मा ,सुनील वर्मा, पवन गर्ग, दिनेश त्यागी ,अमित चौधरी ,राजेश सक्सेना, राजीव शर्मा, सतीश सिंघल व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिल्ली, उत्तराखंड उच्च न्यायालयों में तीन नये न्यायाधीशों की नियुक्ति

नई दिल्ली ।न्यायपालिका को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्र सरकार ने तीन हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति की घोषणा की है। अधिवक्ता अजय दिगपॉल और अधिवक्ता हरीश वैद्यनाथन शंकर को दिल्ली हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। दोनों वकीलों के पास काफी कानूनी कौशल और मुकदमेबाजी और कानूनी सलाह में वर्षों का अनुभव है। इसके अलावा, न्यायिक अधिकारी के रूप में काम कर चुके आशीष नैथानी को उत्तराखंड हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस निर्णय को लंबित मामलों को दूर करने और क्षेत्र में न्यायिक प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। इन नियुक्तियों से बेंचों में नए दृष्टिकोण आने और लंबित मामलों के शीघ्र समाधान में मदद मिलने की उम्मीद है, जिससे न्यायिक प्रणाली मजबूत होगी।

# योगी सरकार के दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुंभ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकली स्वच्छता रथ यात्रा

महाकुंभ नगर । उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के %दिव्य, भव्य और स्वच्छ महाकुंभ% के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सरकारी एजेंसियां, जनप्रतिनिधि से लेकर शहर के सभी नगरवासी प्रयास कर रहे हैं। स्वच्छ महाकुंभ का संदेश लेकर शहर में स्वच्छता रथ यात्रा का आयोजन इसी का हिस्सा है, जिसमें बड़ी संख्या में जन सहभागिता देखने को मिली। महाकुंभ नगर का रास्ता प्रयागराज शहर से होकर गुजरता है। ऐसे में महाकुंभ आने वाले सभी श्रद्धालु और पर्यटक जब शहर के बीच से गुजरेंगे तब उन्हें स्वच्छ प्रयागराज की झलक भी देखने को मिले, इसी संकल्प को लेकर शहर में स्वच्छता रथ यात्रा निकाली गई। स्वच्छ महाकुंभ का संदेश देने के लिए निकाली गई इस यात्रा को नगर निगम प्रयागराज के महापौर उमेश चंद गणेश केसरवानी ने हरी झंडी दिखाकर चौक कोतवाली से रवाना किया। मेयर गणेश केशरवानी का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ महाकुंभ के संकल्प को लेकर %स्वच्छता रथ% निकाला गया है। प्रयागराज स्वच्छ, स्वस्थ और अनुशासित हो, इसके लिए यह जन जागरण यात्रा निकाली गई है। लोगों से अपील की जा रही है कि इधर-उधर कूड़ा न फेंके, डस्टबिन का उपयोग करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। इसमें स्थानीय नागरिकों का बढ़-चढ़कर सहयोग मिल रहा है शहर के कोतवाली चौक से स्वच्छता रथ यात्रा नगर निगम प्रयागराज की तरफ से निकाली गई। इसमें एक विशाल %स्वच्छता रथ% में मां गंगा की भव्य मूर्ति के साथ पेड़ पौधों से सुसज्जित महाकुंभ के प्रतीक साधुओं के स्कल्पचर तैयार किए गए थे। इसे शहर के विभिन्न मार्गों में घुमाया गया। रथ यात्रा का समापन राम भवन चौराहे पर हुआ। इस स्वच्छता रथ यात्रा में रथ के आगे-आगे विभिन्न रंगों के डस्टबिन लेकर नुक्कड़ नाटक करने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देते हुए लोगों से सूखे और गीले कूड़े को अलग रंग के डस्टबिन का इस्तेमाल करने का संदेश दे रहे थे। रथ यात्रा जहां-जहां से गुजरी, उसका स्वागत किया गया। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में सफाई मित्र और नगर निगम के कर्मी भी मौजूद रहे।

# ई-श्रम पोर्टल सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में उपलब्ध




नई दिल्ली । श्रमिकों की केंद्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों तक सुगम पहुंच बनाने के लिए 'ई श्रम पोर्टल' अब सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में उपलब्ध होगा।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम के दौरान ई-श्रम पोर्टल पर बहुभाषी कार्यक्षमता की शुरुआत की। ई-श्रम को 'वन-स्टॉप-सॉल्यूशन' बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह पोर्टल अब सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में उपलब्ध होगा। इस कार्यक्रम में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव और कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। केंद्र सरकार की भाषिणी परियोजना का लाभ उठाकर ई-श्रम पोर्टल को 22 भाषाओं में तैयार किया गया है। पिछला संस्करण केवल अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़ और मराठी में उपलब्ध था। श्री मांडविया ने कहा कि पोर्टल पर प्रतिदिन असंगठित श्रमिकों के औसतन 30,000 से अधिक पंजीकरण दर्ज किए जाते हैं। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से उनके कल्याण और आजीविका के लिए बनाई गई विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुँच आसान हो जाएगी। ई-श्रम पोर्टल से केंद्र सरकार की 12 योजनाओं तक पहुँच सुगम हो गई है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने बताया कि मंत्रालय असंगठित श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए तैयार की गई सरकारी योजनाओं तक निर्बाध पहुंच के लिए ई-श्रम को 'वन स्टॉप सॉल्यूशन' के रूप में सक्षम बनाने पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों के प्रासंगिक कार्यक्रमों सहित सभी प्रासंगिक सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत करने के प्रयास चल रहे हैं। ई-श्रम पोर्टल पर भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों और गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकों का पंजीकरण मिशन-मोड पर चल रहा है।

# बरेली में तीन वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, एक युवक गिरफ्तार

बरेली (उप्र) ।बरेली जिले के एक गांव में तीन वर्षीय बच्ची से पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी युवक आसिफ (20) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार दोपहर छावनी थाना क्षेत्र के एक गांव की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि जब बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी तभी आसिफ, टॉफी का लालच देकर उसे अपने साथ ले गया और कथित तौर पर उससे दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि जब काफी देर तक बच्ची वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि अपराह्न करीब एक बजे बच्ची घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर खेत में बेहोशी की हालत में मिली। श्रीवास्तव ने बताया कि परिजनों और ग्रामीणों ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी जिसके बाद बिथरी चैनपुर थाने की पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर से आसिफ को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस से हुई मुठभेड़ में दो गोकश गिरफ्तार, हथियार और गोवंश के अवशेष हुए बरामद



गाजियाबाद । गाजियाबाद के थाना मसूरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो गोकशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अवैध हथियार और गोवंश के अवशेष बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक थाना मसूरी पुलिस ने दो गोकश को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 1 तमंचा, 1 खोखा और 1 जिंदा कारतूस, 1 छुरा, 1 बांक तथा गोवंश के अवशेष बरामद किए है। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया है कि गाजियाबाद के थाना मसूरी में 4 जनवरी को एक गाय चोरी होने की सूचना दर्ज कराई गई थी और उस गाय के कुछ अवशेष पास के ही जंगल में बरामद हुए थे। इस मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस ने कई टीमों का गठन किया था। 7 जनवरी को आरोपी फैजान निवासी ग्राम नाहल और इस्तिकार को पुलिस हिरासत में लिया गया था और उनसे पूछताछ की जा रही थी। एसीपी के मुताबिक पुलिस पूछताछ में इन दोनों बदमाशों ने बताया कि यह घटना में शामिल औजारों को जंगल से बरामद कर सकते हैं। पुलिस इनपर भरोसा करते हुए इन्हें लेकर जंगल की तरफ चली गई। जंगल में पहुंचते ही एक बाउंड्री वॉल के पास इन्होंने पहले से छुपा कर रखे तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जिसके बाद पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए। पुलिस को उनके पास से एक अवैध तमंचा एक जिंदा और एक खोखा कारतूस के साथ-साथ गोवंश के कुछ अवशेष भी बरामद हुए हैं। घायल बदमाशों को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है और उनके पुराने आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की मौत और तीन अन्य घायल




बलिया ।बलिया जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार रात बैरिया थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव की है जहां एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर ने बताया कि हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान हरे राम (55) नाम के व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बाकी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कैंसर से ग्रसित युवक ने जान दी

नोएडा । सेक्टर-36 में रहने वाले 32 वर्षीय युवक ने ब्लड कैंसर रोग से परेशान होकर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर-39 थाना प्रभारी ने बताया कि दिल्ली का राहुल वर्तमान में सेक्टर-36 के ए ब्लॉक में किराये पर कमरा लेकर रह रहा था। सोमवार रात नौ बजे के करीब उसने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके परिजनों से जब बातचीत की गई तो पता चला कि वह ब्लड कैंसर से ग्रसित था। आशंका है कि युवक गंभीर बीमारी के चलते मानसिक तनाव में आ गया और उसने आत्महत्या कर ली।

## आत्महत्या मामले में पति पर केस दर्ज

नोएडा । छलेरा में रहने वाली महिला के आत्महत्या करने में मामले में उसके पति के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। मृतका के भाई ने अपने जीजा पर बहन का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस नामजद आरोपी से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। संभल के बहजोई निवासी वसीम ने बताया कि उसकी बहन फराह का निकाह बीते साल 26 सितंबर को बरेली निवासी मोहम्मद नाजिम के साथ हुआ था। दोनों वर्तमान में छलेरा के गली नंबर दो में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे। आरोप है कि नाजिद आए दिन उसकी बहन के साथ मारपीट करता था। पति द्वारा किए जा रहे शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न से जब फराह तंग आ गई तो उसने सारी बात अपने भाई को बताई। इसके बाद भी जब पति का जुल्म कम नहीं हुआ तो फराह ने पांच जनवरी को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी पति फरार है।

## समझौते का दबाव बनाने के लिए धमकी

ग्रेटर नोएडा । जेवर क्षेत्र के गांव में एक घर पर हवाई फायरिंग करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पूर्व में दर्ज एक मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने के लिए आरोपी के भाई ने पीड़िता के घर पहुंचकर गाली-गलौज की और धमकी देते हुए हवाई फायरिंग की। आरोपी के भाई ने पीड़ित परिवार की बेटी के साथ गलत काम किया था। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक लेकर भागा बदमाश

नोएडा । शहर निवासी पारस यादव ने अपनी बाइक फेसबुक मार्केट पैलेस पर लिस्ट की थी। बाइक की बिक्री को लेकर फेसबुक पर अजय सिंह चौहान से उसकी बात हुई। अजय बाइक देखने के लिए सेक्टर-45 के पास आया और बाइक को टेस्ट ड्राइव के लिए ले गया, लेकिन लौटा ही नहीं। आरोपी का मोबाइल भी अब बंद आ रहा है। पुलिस केस दर्ज आरोपी की तलाश कर रही है।

## घरेलू सहायिका का मोबाइल फोन लूटा

नोएडा । सेक्टर-78 से बरौला जा रही घरेलू सहायिका मुनीमा बेबी का मोबाइल छीनकर बदमाश फरार हो गया। वारदात के बाद मुनीमा बदमाश के पीछे भागी थीं, लेकिन तब तक वह फरार हो गया। जिस समय महिला का मोबाइल लूटा गया, वह अपने पति से बात कर रही थी। पीड़िता शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस बदमाश की तलाश कर रही है। बदमाश की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## संविधान गौरव अभियान को उत्सव के रूप में मनाएगी भाजपा

ग्रेटर नोएडा । भारतीय जनता पार्टी 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान को उत्सव के रूप में मनाएगी। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों में मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए मंगलवार को तिलपता स्थित जिला कार्यालय पर बैठक हुई। जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने बताया कि भारत के संविधान को 75 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, जिसको लेकर भाजपा पूरे देश में 11 से 25 जनवरी तक प्रत्येक मंडल स्तर तक संविधान गौरव अभियान को उत्सव के रूप में मनाएगी। इस दौरान जिले में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संविधान अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन- जन तक पहुंचाना एवं संविधान समिति के अध्यक्ष भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर को याद करना है। जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी ने कहा कि भारत का संविधान गौरवशाली है। इसमें सभी नागरिकों का हित सुरक्षित करते हुए भारत के विकास की कल्पना की गई है।

## व्यापारियों ने जीएसटी से जुड़ी समस्याएं बताईं

नोएडा । सेक्टर-115 स्थित उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय पर मंगलवार को जीएसटी विभाग की अपर आयुक्त चांदनी सिंह ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें व्यापारियों ने जीएसटी से जुड़ी तमाम समस्याओं से अवगत कराया। अधिकारी ने व्यापारियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि जब तक अधिकारी और व्यापारी दोस्त नहीं बनेंगे, तब तक समुचित विकास होना नामुमकिन है अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं को समझना पड़ेगा द्य व्यापार मंडल के चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने बताया कि बिल में छोटी-मोटी भूल पर जो गाड़ियां पकड़ी जाती हैं, उनको छोटा जुर्माना लगाकर छोड़ा जाए अपर आयुक्त कहा कि सभी अधिकारियों को कहा गया है कि किसी को भी परेशान नहीं किया जाए। छोटी गलतियों को एक उचित जुर्माना लगाकर वहीं गाड़ी छोड़ दी जाए बैठक में अपर आयुक्त चांदनी सिंह ने कहा कि विभाग हमेशा व्यापारियों के साथ है द्य किसी भी व्यापारी को अधिकारियों से डरने की ज़रूरत नहीं है। व्यापारियों को कोई भी समस्या हो तो तुरंत जीएसटी कार्यालय में पहुंचकर बताएं। समस्या का तुरंत समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, सचिन गोयल, श्रेया सिंह, शिवा चौहान, शक्ति सिंह, सोविंद्र सिंह व अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए

## राहगीरों के मोबाइल लूटने वाला बदमाश मुठभेड़ में घायल




नोएडा । एफएनजी कट के पास सोमवार देर रात सेक्टर-113 पुलिस की राहगीरों के मोबाइल लूटने वाले बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसके पास से लूट और चोरी के पांच मोबाइल, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि सेक्टर-113 थाने की पुलिस एसीपी ट्विंकल जैन की अगुवाई में एफएनजी कट के पास संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ककराला की तरफ से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस को चेकिंग करते देखकर व्यक्ति तेज कदमों से अचानक पीछे मुड़कर चलने लगा। संदिग्ध लगने पर जब पुलिस टीम ने उसका पीछा किया तो वह झाड़ियों में छिप गया। पुलिस को अपनी तरफ आता देखकर आरोपी ने फायर झोंक दिया। अचानक से चली गोली की आवाज सुनकर पुलिस टीम पीछे हट गई। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान दिल्ली के नरेला निवासी 29 वर्षीय कुलदीप तिवारी के रूप में हुई। उसके पास से लूट के पांच मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कुछ समय पहले उसने सेक्टर-113 थाना क्षेत्र में भी एक व्यक्ति का मोबाइल लूटा था। इस संबंध में पीड़ित ने सेक्टर-113 थाने में केस भी दर्ज कराया था। पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि उसने नोएडा के अलावा दिल्ली में भी मोबाइल चोरी और लूट की कई वारदात की हैं। घायल बदमाश के अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री से मिले किसान, उठाई समस्याएं



नई दिल्ली । दिल्ली के सफदरजंग रोड स्थित केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सरकारी आवास पर आज दिल्ली देहात के विभिन्न गांवों के किसान अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। बैठक में भाजपा के सांसद भी शामिल हुए। दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी, पश्चिमी दिल्ली के सांसद कमलजीत सेहरावत और उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया भी बैठक में उपस्थित थे। यह बैठक किसानों के मुद्दों पर चर्चा करने और समाधान निकालने के लिए आयोजित की गई थी। बता दें कि इससे पहले 2 जनवरी को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर निशाना साधते हुए कहा था कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है केंद्रीय कृषि मंत्री ने सीएम आतिशी को पत्र लिखा था। पत्र में उन्होंने कहा था कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार ने किसानों के हित में केंद्र की योजनाओं को लागू करने से रोका है। आतिशी को लिखे पत्र में शिवराज ने कहा था, अत्यंत दुख के साथ आपको यह पत्र लिख रहा हूं। आप ने दिल्ली में किसानों के हित में कभी उचित निर्णय नहीं लिए। केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को भी आप की सरकार द्वारा दिल्ली में लागू करने से रोका गया है। आपकी सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है। आज दिल्ली के किसान भाई-बहन परेशान और चिंतित हैं। दिल्ली सरकार द्वारा केंद्र की अनेक किसान कल्याणकारी योजनाओं को लागू नहीं किए जाने से किसान भाई-बहन इन योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। मैंने पूर्व में भी आपको पत्र लिखकर दिल्ली के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था लेकिन यह चिंता का विषय है कि आपकी सरकार ने इन समस्याओं का कोई निराकरण नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा था कि विगत 10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है लेकिन सदैव यह प्रतीत हुआ है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किसान भाई-बहनों के साथ सिर्फ धोखा किया है और चुनावों से पहले बड़ी-बड़ी बड़ी घोषणाएं कर उनका राजनीतिक लाभ लिया है। केजरीवाल ने सरकार में आते ही हमेशा जनहितैषी निर्णयों को लेने के स्थान पर अपना रोना रोया है। आपकी सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण केंद्र सरकार के एकीकृत बागवानी विकास मिशन को लागू नहीं किया गया है। मिशन के लागू न होने से किसान भाई-बहन नर्सरी और टिशू कल्चर की स्थापना, रोपण सामग्री की आपूर्ति, फसल उपरांत प्रबंधन के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, नए बाग, पाली हाउस एवं कोल्ड चेन की सब्सिडी सहित अनेक योजनाओं के लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

## दिल्ली में घना कोहरा छाया, देरी से चल रही ट्रेनें उड़ानों पर भी पड़ा असर



नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी मंगलवार को घने कोहरे की चादर में लिपटी रही, जिससे विजिबिलिटी भी कम हो गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक सुबह 5¬30 बजे दिल्ली में 11.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि दिन में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। कम विजिबिलिटी के कारण, सोमवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर 400 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुईं। स्पाइसजेट ने एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली (डीईएल), अमृतसर (एटीक्यू), जम्मू (आईएक्सजे), श्रीनगर (एसएक्सआर), गोरखपुर (जीओपी), वाराणसी (वीएनएस), अयोध्या (एवाईजे), दरभंगा (डीबीआर) और पटना (पीएटी) खराब मौसम (कम दृश्यता) के कारण, 7 जनवरी को सभी उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। इसके अलावा शीत लहर और कोहरे से दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनें भी देरी से चलीं। आईएमडी ने सात दिवसीय पूर्वानुमान में 11 और 12 जनवरी को बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की आशंका जताई है, विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। इस संभावित वर्षा से दृश्यता में भी सुधार हो सकता है और मौजूदा घने कोहरे से कुछ राहत मिल सकती है। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता लगातार दूसरे दिन भी बहुत खराब% श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने मंगलवार सुबह 6 बजे तक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 310 दर्ज किया। दिल्ली के कुछ खास इलाकों जैसे आनंद विहार (394), पटपड़गंज (364), जहांगीरपुरी (359) और अशोक विहार (343) में एक्यूआई का स्तर और भी अधिक दर्ज किया गया, जो इन इलाकों में गंभीर प्रदूषण को दिखाता है। हालांकि, नजफगढ़ (284) जैसे कुछ इलाकों में हवा की गुणवत्ता थोड़ी बेहतर रही, जिसे खराब श्रेणी में रखा गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अनुसार, आने वाले दिनों में दिल्ली के एक्यूआई में सुधार होने की उम्मीद है। जो अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण खराब श्रेणी में आ जाएगा। बेहतर हवा की गति ने इस क्रमिक सुधार में योगदान दिया है, सोमवार को शाम 4 बजे एक्यूआई का स्तर 339 और शाम 5 बजे 335 दर्ज किया गया। आईएमडी का पूर्वानुमान एक्यूआई के स्तर में निरंतर गिरावट का संकेत देता है। ि
नवासियों को सलाह दी गई कि वे कम दृश्यता वाली स्थितियों में सावधानी बरतें और खराब वायु गुणवत्ता और ठंड के प्रभावों से खुद को बचाने के लिए आवश्यक उपाय करें।

## दिल्ली चुनाव में सपा ने दिया आप को समर्थन, अखिलेश के ऐलान पर क्या बोले केजरीवाल

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हो चुका है। 5 फरवरी को मतदान और 8 फरवरी को मतगणना होनी है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी ने आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि हम आप का समर्थन करेंगे और उसके साथ मंच भी साझा करेंगे। इस ऐलान के बाद आप संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। मंच साझा करने और पार्टी को समर्थन देने की बात रखते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सपा का समर्थन उसी पार्टी को होगा, जो बीजेपी को हराने में सक्षम है। इसी के साथ कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली में कांग्रेस का समर्थन कमजोर है। वह भाजपा को हराने की स्थिति में नहीं है। इससे साफ तौर पर स्पष्ट संकेत निकलते दिखाई दे रहे हैं कि सपा दिल्ली चुनाव में कांग्रेस का समर्थन नहीं करने जा रही है। सपा द्वारा आप को समर्थन देने पर अरविंद केजरीवाल की प्रतिक्रिया सामने आई है।
उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट लिखते हुए अखिलेश यादव का आभार प्रकट किया है। केजरीवाल ने पोस्ट लिखते हुए अखिलेश यादव को बहुत बहुत शुक्रिया कहा है। आपका हमेशा हमें सपोर्ट और साथ रहता है। इसके लिए मैं और दिल्ली की जनता आभारी हैं। दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखों का आज ऐलान हो चुका है। 70 सदस्यीय विधानसभा में आने वाली 5 फरवरी को चुनाव और 8 फरवरी को मतगणना होनी है। यह चुनावी प्रक्रिया 23 फरवरी को सत्र खत्म होने से पहले ही पूरी कर ली जाएगी। आपको बता दें कि साल 2020 के चुनाव में आप को 70 में से 62 तो वहीं उससे पहले 2015 के चुनाव में 70 में से 67 सीटें मिली थीं।

## डीटीसी बस चालक की कंडक्टर ने ही कर दी गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली । दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बस कंडक्टर ने झगड़े के दौरान चालक को गोली मार दी, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई. इसके बाद वह शव को शव को थाने लेकर पहुंचा और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. दोनों ही मोहम्मदपुर गांव के रहने वाले थे. बताया जा रहा है कि दोनों के बीच शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था. पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी.झगड़ा देखते ही देखते इस कदर बढ़ गया कि नशे में धुत योगेश ने मंजीत को गोली मार दी. दोनों वैन में बैठकर शराब पी रहे थे. इस बीच कहासुनी के बाद दोनों में मारपीट शुरू हो गई, जिसपर योगेश ने अपनी पिस्टल निकाली और मंजीत को गोली मार दी. इसके बाद वह शव को लेकर अलीपुर थाने पहुंचा, जहां उसने सरेंडर कर दिया. घटना शनिवार की बताई जा रही है.उत्तरी बाहरी जिले के डीसीपी निधिन वाल्सन ने बताया कि योगेश ने अपना अपराध कबूल कर लिया है. आरोपी पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है. मृतक और आरोपी मोहम्मदपुर गांव के थे और करीबी दोस्त माने जाते थे. फिलहाल पुलिस योगेश से पूछताछ कर रही है. गौरतलब है कि दिल्ली में इन दिनों हत्या की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. इससे पहले डाबड़ी इलाके में महिला का शव बेड के अंदर पाया गया था. वहीं एक अन्य घटना में स्कूल से छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने सात आरोपियों को हिरासत में लिया था.

## चुनाव में निगम 30 हजार कर्मियों को तैनात करेगा

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर निगम ने 25.35 करोड़ रुपये की निधि आवंटित की है। इसके तहत निगम 2538 स्थानों पर बनने वाले 13,033 मतदान केंद्रों में मतदान के लिए व्यवस्थाएं करेगा। इसमें मुख्य रूप से बिजली, रोशनी, पीने का पानी, मतदाताओं के बैठने की जगह, शौचालय के साथ वरिष्ठ और दिव्यांग नागरिकों के लिए रैंप बनाए जाएंगे। साथ ही निगम प्रशासन ने 30 हजार से अधिक अपने कर्मचारियों को चुनाव के लिए तैनात किया है।
विभिन्न पोलिंग स्टेशनों में निगम के कर्मचारियों को चुनाव आयोग के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण भी मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि दिसंबर माह में हुई सदन की बैठक में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर 25.35 करोड़ रुपये की निधि आवंटित की गई। सदन में यह प्रस्ताव पास हुआ था। निगम की ओर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मॉडल मतदान केंद्र और महिलाओं के लिए पिंक मतदान केंद्र बनाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पोलिंग स्टेशनों में वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की जाएगी। दिल्ली पुलिस के सहयोग से पोलिंग स्टेशन में आने वाले मतदाताओं व अन्य लोगों की वीडियोग्राफी होगी। दिव्यांग मतदाताओं और बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर और स्टैंड के इंतजाम किए जाएंगे। नेत्रहीन मतदाताओं की मदद कर्मचारी करेंगे।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव - 5 फरवरी को मतदान, 8 को आएंगे नतीजे




नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव आयोग ने मंगलवार को चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया। दिल्ली में पांच फरवरी को एक चरण में चुनाव होगा और नतीजे की घोषणा आठ फरवरी को होगी। ईसीआई राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली में कुल 1 करोड़ 55 लाख वोटर्स हैं। इसके अलावा, पुरुष मतदाता की संख्या 8 3.49 लाख, महिला मतदाता 71.74 लाख है और युवा मतदाता की संख्या 25.89 लाख हैं। उधर, पहली बार वोट देने जा रहे मतदाताओं की कुल संख्या 2.08 लाख है। इसके अलावा, दिल्ली में 13 हजार से ज्यादा मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। 100 साल से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 830 है। वहीं, चुनाव की तारीखों की ऐलान करने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने कई मुद्दों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोग खुलकर अपनी भागीदारी बढ़ा रहे हैं। खासकर देश के युवा खुलकर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा ले रहे हैं, जो हमें बीते लोकसभा चुनाव में देखने को मिला है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सभी युवा चुनावी प्रक्रियाओं में हिस्सा लेकर देश के लोकतंत्र को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव निष्पक्ष हो। हम चुनाव में हर प्रकार की गतिविधियों की विशेष जांच करेंगे, जैसा कि बीते चुनाव में किया था। उन्होंने आगे कहा कि वोटर लिस्ट में गलत एंट्री के आरोपों को सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। यहां तक कहा गया है कि यह ईवीएम इलेक्शन है। वोटर लिस्ट में नाम काटने की शिकायत की गई। यहां तक की धीमी मतगणना के आरोप भी लगाए गए। लिहाजा हम इन सभी सवालों के जवाब देंगे, क्योंकि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हम पारदर्शिता के सिद्धांत पर विश्वास रखते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ईवीएम को लेकर हैक करने के आरोपों में कोई दम नहीं है। कोर्ट ने खुद इस बात को स्वीकार किया है कि ईवीएम से किसी भी प्रकार की छेड़खानी नहीं हो सकती है। लेकिन, ईवीएम पर शक जताकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया गया, जो कि एक लोकतांत्रिक देश में शोभनीय व्यवहार नहीं है। चुनाव के सात आठ दिन पहले ही ईवीएम सील हो जाती है। उसे तैयार कर लिया जाता है। ईवीएम में अवैध वोट की संभावना बिल्कुल भी नहीं है। ईवीएम से चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है, जिस पर किसी भी प्रकार का सवाल नहीं उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ईवीएम फुलप्रूफ डिवाइस है। इसमें किसी भी प्रकार का वायरस नहीं आ सकता है। चुनाव में पारदर्शिता की हमारी प्राथमिकता है। चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये मंगलवार को घोषित कार्यक्रम इस प्रकार हैं:
अधिसूचना - 10 जनवरी (शुक्रवार)
नामांकन की अंतिम तिथि - 17 जनवरी (शुक्रवार)
नामांकन पत्रों की जांच - 18 जनवरी (शनिवार) नामांकन पत्रों की वापसी - 20 जनवरी (सोमवार) मतदान - 05 फरवरी (बुधवार) मतगणना - 08 फरवरी (शनिवार)

## जानिए कितने युवा मतदाता इस बार दिल्ली की सरकार चुनने के लिए करेंगे मताधिकार का प्रयोग, कितने फर्स्ट टाइम वोटर

नई दिल्ली । दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव एक चरण में संपन्न कराए जाएंगे। चुनाव आयोग की तरफ से मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि पांच फरवरी को यहां मतदान होगा। जबकि आठ फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा की गई है। इस सीट पर भी 5 फरवरी को चुनाव और आठ फरवरी को नतीजों की घोषणा होगी। बता दें कि दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को समाप्त हो रहा है। ऐसे में दिल्ली की 70 विधानसभा सीट में से 58 सामान्य सीट और 12 एससी सीट पर एक ही चरण में चुनाव संपन्न होंगे। इस चुनाव में 1.55 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसमें से 83.49 लाख पुरुष, 71.74 लाख महिला, 25.89 लाख युवा मतदाता होंगे। इसके साथ ही इस चुनाव में 2.08 लाख फर्स्ट टाइम वोटर भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दिल्ली में 100 साल से ऊपर के मतदाताओं की संख्या 830 और ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 1,261 है। चुनाव आयोग की तरफ से की गई घोषणा के अनुसार चुनाव में 8 5 वर्ष से अधिक आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से मतदान की सुविधा रहेगी। मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा और मतदान में आसानी के लिए स्वयंसेवक, व्हीलचेयर तथा रैंप बनाए जाएंगे। चुनाव आयोग की तरफ से सभी राजनीतिक दलों को नसीहत दी गई है कि चुनाव प्रचार में भाषा का ख्याल रखें। महिलाओं के खिलाफ गलत भाषा का इस्तेमाल न करें। इसके साथ ही ईवीएम को लेकर मचाए जा रहे राजनीतिक दलों की तरफ से बवाल पर भी मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जवाब देते हुए कहा कि ईवीएम में अविश्वसनीयता या किसी खामी का कोई सबूत नहीं है। ईवीएम में वायरस या बग आने का कोई सवाल ही नहीं है। ईवीएम में अवैध वोट होने का भी सवाल नहीं है। इस मशीन में कोई धांधली भी संभव नहीं है। राजीव कुमार ने कहा कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अलग-अलग फैसलों में लगातार यही कह रहे हैं। ऐसे में ईवीएम मतदान और मतगणना के लिए फुलप्रूफ डिवाइस है। इसके टेम्परिंग के आरोप बेबुनियाद हैं। हम अभी बोल रहे हैं क्योंकि चुनाव के समय हम नहीं बोलते।

## दिल्ली में मतदाता जागरूकता पर 21-23 तक होगी ऑनलाइन क्विज़



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में स्वीप (एसवीईईपी) 21 से 23 जनवरी के बीच एक ऑनलाइन क्विज़ आयोजित करेगा। विजेताओं को 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा। स्वीप देशभर में मतदाता जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए चुनाव आयोग का एक प्रमुख कार्यक्रम है। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर. एलिस वाज ने मंगलवार को कहा कि आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में मतदाता जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए स्वीप के तत्वावधान में एक ऑनलाइन क्विज़ कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि क्विज़ के लिए पंजीकरण 6 जनवरी से शुरू हो गया है और यह 19 जनवरी तक खुला रहेगा। क्विज़ 21 से 23 जनवरी तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। दिल्ली के सभी पंजीकृत मतदाताओं और कक्षा 9 से ऊपर के विद्यार्थी इसमें भाग ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि क्विज़ के लिए प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपये का होगा। कुल 33 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक जिले से विजेताओं का चयन किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी का प्रमाण पत्र भी मिलेगा। विजेताओं को 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा। सीईओ ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गहरी समझ को बढ़ावा देने और नागरिकों को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए सशक्त बनाने में प्रश्नोत्तरी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने मतदाताओं और पात्र छात्रों से इस कार्यक्रम में भाग लेने और इसकी सफलता में योगदान देने का आग्रह किया।

## दिल्ली सरकार सीएजी की रिपोर्ट पर जवाब दे - वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली सरकार पर प्रचार और विज्ञापन में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने चुनौती दी कि अरविंद केजरीवाल, आतिशी मार्लेना एवं संजय सिंह विधानसभा की बैठक बुलायें और सीएजी रिपोर्ट सदन पटल पर सार्वजनिक कर उस पर भाजपा से बहस करें। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार ने दिल्ली में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार कर दिल्ली को लूटने का काम किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय की फटकार के बाद भी यह सरकार सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर नही रखी, जो यह स्थापित करता है कि सीएजी की रिपोर्ट से केजरीवाल डरते हैं। उन्होंने कहा कि शीशमहल बंगले से जुड़ी सीएजी रिपोर्ट के हिस्से को कल मैंने दिल्ली वालों के समक्ष रखा, आज मैं दिल्ली सरकार के प्रचार विज्ञापन खेल पर सीएजी रिपोर्ट सामने रख रहा हूं, जो




अरविंद केजरीवाल की पोल खोलने के लिए काफी है। सचदेवा ने कहा कि आज हमने समाचार पत्रों के माध्यम से देखा कि शीशमहल बंगले पर सीएजी रिपोर्ट को सांसद संजय सिंह ने फर्जी रद्दी का कागज बताया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि संविधान के अनुसार भारत सरकार के सामान्य वित्त नियम कहते हैं कि किसी भी सरकार के खर्च तर्कसंगत होने चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के भी निर्देश हैं कि सरकारें विज्ञापन पर कुछ इस तरह खर्च करें कि विज्ञापन पर खर्च किसी भी सूरत मे योजना पर मूल खर्च से अधिक नहीं होना चाहिए। उन्होंने वित्त वर्ष 2021-22 से जुड़ी सीएजी रिपोर्ट के हवाले से अरविंद केजरीवाल से जवाब मांगा कि कैसे उन्होंने अपनी चार योजनाओं के प्रचार पर मूल योजना खर्च से 31 गुणा खर्च कर डाला ? सीएजी की रिपोर्ट बताती है कि 2021-22 वर्ष में सब कोविड से जूझ रहे थे उस वक्त केजरीवाल सरकार ने निम्न चार योजनाओं के नाम पर जनधन को स्व प्रचार पर लुटाया। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सरकार की जनधन बर्बादी पर चार सवाल जो सीएजी ने खड़े किये हैं, केजरीवाल आगे आयें और उन पर जवाब दें ? पहला बिजनेस ब्लास्टर स्कीम मूलधन खर्च 54.08 करोड़, प्रचार खर्च 80.02 करोड़ रुपये, दूसरा देश के मेंटोर मूल खर्च सिर्फ 1.90 करोड़, प्रचार खर्च 27.90 करोड़ रुपये, तीसरा पराली योजना सिर्फ 0.77 लाख, प्रचार खर्च 27.89 करोड़ रुपये और चौथा स्मॉग टावर मूल खर्च 20 करोड़, प्रचार खर्च 5.88 करोड़ रुपये किए गए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली उम्मीद करती है कि आज अरविंद केजरीवाल खुद सामने आ कर इन सवालों का जवाब देंगे।

